# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान जी से की प्रधानमंत्री मोदी की तुलना

पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर सभा को संबोधित करते हुए मोदी की



तुलना राम भक्त हनुमान से की। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम बिना हनुमान जी अधूरे हैं। हम सब ने देखा है, हनुमान जी का सारा जीवन सदैव त्याग करने के लिए, भगवान राम की भक्ति के लिए समर्पित रहा है। वैसे ही हमारे प्रधानमंत्री मोदी भी हनुमान जी के अनन्य भक्त के नाते अपना पूरा जीवन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राहुल और पित्रोदा के बयानों पर प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# विरासत टैक्स लगा कर आपकी संपत्ति को लूट लेगी 'यह पार्टी'



*पीएम ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि कांग्रेस का हिडेन एजेंडा बाहर आया है। कांग्रेस ने कहा है कि वह विरासत टैक्स लगाएगी और मेहनत कर, मुसीबतों को झेल कर आपने जो संपत्ति बचाई है, कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह आपसे लूट लेगी।*

**प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम डॉ. यादव की जमकर की तारीफ**

हरदा की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दिल खोलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री, भाई मोहन यादव और उनकी पूरी टीम ने जब से सरकार संभाली है वह एमपी के विकास में और नई शक्ति के साथ जुटे हुए हैं।



मोदी ने कहा कि विकास तब होता है जब सही नीतियां हों सही विजन हो, इसलिए देश हो या मध्य प्रदेश विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई।

**शिवराज के लिए कहा- इन्हें दिल्ली ले जाना चाहता हूं**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर और हरदा की सभाओं में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि आज कांग्रेस का हिडेन एजेंडा बाहर आया है। कांग्रेस ने कहा है कि वह विरासत टैक्स लगाएगी और मेहनत कर, मुसीबतों को झेल कर आपने जो संपत्ति बचाई है, कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह आपसे लूट लेगी। मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस को देश के संविधान से नफरत है। इनको भारत की पहचान से नफरत है। इसलिए, ये हर उस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो, देश की साख कमजोर हो। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कांग्रेस को देश के संविधान भारत की पहचान से नफरत**

**चालाकी से ओबीसी कोटे में डाल दी मुस्लिमों की जातियां**

### ◆ कांग्रेस को दलित संत का मंदिर बर्दाश्त नहीं

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सागर में बन रहे महान दलित संत रविदास के मंदिर का भी विरोध किया। ऐसी सोच वाली कांग्रेस को मप्र से दूर रखने में ही भलाई है। मोदी ने कहा कि मुझसे सवाल पूछते हैं, 400 पार क्यों? मैं जवाब देता हूं। आप जो राज्यों में हथकंडे अपना रहे हो। दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण चोरी करने का खेल खेल रहे हो। आपके ये खेल बंद करने के लिए मोदी को 400 पार चाहिए। मुझे दलित, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा करनी है।

**कांग्रेस की सफाई**

### पित्रोदा के विचार कांग्रेस का 'रुख' नहीं

*नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश बोले कि सैम पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार को नहीं दर्शाते हैं। कई बार उनके जो विचार होते हैं, वे कांग्रेस का आधिकारिक रुख नहीं होते हैं। उनकी टिप्पणियों को सनसनीखेज बनाना और उन्हें संदर्भ से बाहर करना भाजपा के दुर्भावनापूर्ण और शरारती चुनाव अभियान से ध्यान हटाने का जानबूझकर किया गया हताश प्रयास है। यह प्रयास केवल झूठ और अधिक झूठ पर आधारित है।*

### राहुल ने क्या कहा था?

**पता लगाएंगे देश की दौलत किसके पास?**

राहुल ने कहा अगर उनकी सरकार आई तो वे वित्तीय और संस्थानिक सर्वे कराएंगे। वे ये भी पता लगाएंगे कि देश की दौलत किसके पास है? वे क्रांतिकारी कदम उठाते हुए ये सुनिश्चित करेंगे कि लोगों का अधिकार उन्हें मिले।

### सैम पित्रोदा ने क्या कहा?

**भारत में विरासत टैक्स पर चर्चा हो**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगता है। सरकार 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है। संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। अगर किसी व्यक्ति के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अमेरिका के 6 राज्यों में विरासत टैक्स लागू

अमेरिका में विरासत कर उस व्यक्ति पर लगता है, जिसे विरासत में पैसा, प्रापर्टी या कोई और धन-संपदा मिल रही है। यह किसी व्यक्ति की मौत पर उसकी संपत्तियों के हस्तांतरण पर लगता है। यह उसी राज्य में लगता है, जहां वह है, भले ही लाभार्थी किसी और राज्य में रह रहा हो। लाभार्थी को यह कर देना पड़ेगा। विरासत कर अमेरिका के केवल छह राज्यों में ही लागू है। ये स्टेट हैं- अयोवा, कैंटुकी , मैरीलैंड, नेब्रास्का, न्यू जर्सी और पेंसुलवेनिया। यह कर एक फीसदी से 20 फीसदी तक हो सकता है।






### एनटीए ने जारी किया जेईई-मेन का परिणाम



**100 प्रतिशत पाने वालों में दो लड़कियां भी शामिल**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा-मुख्य (जेईई-मेन) का रिजल्ट जारी कर दिया है। जेईई-मेन जनवरी और जेईई-मेन अप्रैल परीक्षा के बेस्ट स्कोर के आधार पर जेईई-मेन 2024 का मेरिट स्कोर जारी किया है।

जेईई-मेन 2024 में 56 छात्रों को 100 प्रतिशत मिला है। 100 प्रतिशत पाने वाले उम्मीदवारों की सूची में दो लड़कियां भी शामिल हैं, जिनके नाम दिल्ली की शायना सिन्हा और दूसरी कर्नाटक की सान्वी जैन हैं। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल की भूमिका साहा ने थर्ड जेंडर वर्ग में 56.67 प्रतिशत हासिल किया है। इसी जेईई मेन 2024 की मेरिट से अब टॉप ढाई लाख स्कोर वाले छात्र आईआईटी में दाखिले के लिए जेईई एडवांस 2024 की परीक्षा में शामिल होंगे। एनटीए ने कहा कि इस परीक्षा में 100 प्रतिशत पाने वाले ज्यादातर 15 उम्मीदवार तेलंगाना से हैं। आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र से 7-7 और दिल्ली से 6 हैं। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करने के लिए 29 उम्मीदवारों को 3 साल के लिए परीक्षा देने से रोक दिया गया।




हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 अप्रैल 2024



# झलक पाने को बेताब लोगों के हाथों में थे बोर्ड....'मैं हूं मोदी का परिवार'

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। रोड शो शाम 7 बजे से होना था, लेकिन लोग दोपहर दो बजे से ही एकत्रित होना शुरू हो गए थे। लोगों के उत्साह का चरम देखने को मिला। कोई भगवा रंग में अपनी बॉडी को पेंट कराकर आया था तो किसी ने अपने सीने पर पीएम मोदी का चित्र तो पीठ पर भगवान राम की तस्वीर बनवा रखी थी। वहीं अधिकतर लोगों के हाथों में मैं भी मोदी का परिवार के बोर्ड थे। किसी ने टोपी ही ऐसी पहनी थी, जिसपर यही संदेश लिखा था।

## महिलाओं ने उतारी आरती, पीएम ने कमल का दिखाया कटआउट




### पीएम ने किया अभिवादन...

लालघाटी निवासी नितेश ठाकुर ने बताया कि वे मैं' भी मोदी का परिवार' का मुखौटा पहने नजर आए। वह भगवा रंग में रंगे हुए थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए शाम पांच बजे से ही आ गया था। उन्होंने मोदी के नजदीक आते ही मोदी, मोदी के नारे भी लगाए, जिस पर पीएम ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया।



### सड़कों पर गूंजे-अबकी बार, 400 पार के नारे

प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की सड़कें भगवामय हो गईं। महिलाएं जहां गले में भगवा दुपट्टा डालकर प्रधानमंत्री का स्वागत कर रही थीं, तो जोशीले युवाओं के समूह केसरिया पगड़ी में स्वागत करने आए थे। कुछ महिलाओं ने सड़क के किनारे से ही मोदी की आरती भी की।

### छोटे बच्चों को लेकर दोपहर में पहुंचने लगी थीं महिलाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजधानी में हुए रोड शो को लेकर महिलाओं में भी काफी उत्साह था। राहुल नगर से आई निशा बागड़े अपने एक साल के बच्चे को लेकर मालवीय नगर नरेंद्र मोदी लेकर पहुंच गईं। उनसे कहा गया कि छोटे बच्चे को लेकर नहीं आना थाए तो उन्होंने कहा कि हमे मोदी जी को देखना है। इसी प्रकार दामखेड़ा से शारदा भामरी अपने तीन बच्चों को लेकर इसलिए पहुंची कि इसके पहले उन्होंने प्रधानमंत्री को साक्षात नहीं देखा। वो शाम को 5 बजे मालवीय नगर पहुंच गई थीं। शाहपुरा से वर्षा धोटे के अनुसार नरेंद्र मोदी को देखने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। इसलिए आज पूरे परिवार के साथ आए हैं। उनकी एक झलक देखने के बाद इतनी खुशी हो रही है कि कुछ कह नहीं सकते।

### फूलों के रथ पर निकले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री मोदी विशेष रूप से फूलों से सजाए गए रथ पर सवार होकर निकले। उनके साथ इस विशेष वाहन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भोपाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी आलोक शर्मा भी थे। यात्रा में लोकनृत्यों की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान इंदौर से आए हनुमंत ढोल नगाड़ों की विशेष धुनें और उज्जैन से आया मशहूर गणेश बैंड के वादकों ने अपनी समधुर धुनों से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इसके साथ ही झांझ-मंजीरे समेत अन्य वाद्ययंत्र भी पीएम के रोड शो के दौरान बजते रहे। वहीं रोड शो के अंतिम चरण में पीएम मोदी ने नानके पेट्रोल पंप के सामने शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।






पीएम मोदी को देखने उमड़ा अपार जनसमूह।





### समाजों, संगठनों ने किया स्वागत

रोड शो के दौरान पीएम का स्वागत करने समूचा भोपाल उमड़ पड़ा। समाज के हर वर्ग के पुरुष, महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद रहे। सड़क के दोनों ओर गुजराती समाज, यादव समाज, कलार समाज, मराठी समाज, नेमा समाज, कुम्हार समाज, रजक समाज, वाल्मीकि समाज, जीनगर समाज, अहिरवार समाज सहित अन्य समाजों ने प्रधानमंत्री के स्वागत में बैनर लगाए थे।




श्री दीक्षित

### बरसों की आस थी, जो पूरी हो गई...

रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को देखने आए एक बुजुर्ग दीक्षित दादा ने बताया कि मैं उम्र के आखिरी पड़ाव में चल रहा हूं। हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी को देखने की बरसों से आस थी, जो आज पूरी हो गई है। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भी मेरा अभिवादन स्वीकार किया है। रोड शो में उमड़ी भीड़ बता रही है कि आम जनता पूरी तरह से प्रधानमंत्री मोदी के साथ नजर आ रही है।

### ये बोले वरिष्ठ पत्रकार

## पीएम का रोड शो अलग प्रभाव छोड़कर गया



रोड शो जैसे चुनावी आयोजन राजनीतिक दल के पक्ष में वातावरण बनाते हैं। इस चुनाव में यह पहला अवसर है, जब किसी पार्टी के द्वारा रोड शो का आयोजन किया गया हो। चुनावों के पुराने दौर में रोड शो जैसे शब्द हुआ ही नहीं करते थे। रोड शो प्रभावी रहा और अगर इसे पुराने शहर से शुरू किया जाता तो और अच्छा रहता।

**पंकज पाठक**
वरिष्ठ पत्रकार




मध्य प्रदेश की राजनीति का में आज का दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम रहा। सागर और बैतूल की आमसभा के बाद भोपाल में उनका प्रभावशाली रोड शो हुआ हुआ। रोड शो में जिस प्रकार का प्रबंधन किया गया था, उसने भाजपा की संगठन क्षमता के साथ पीएम मोदी की लोकप्रियता की झलक साफ दिखाई। आसपास की सीटों पर असर होगा।

**सुरेश शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार

---

### सीने में दर्द होने के कारण परिजन सीहोर से लाए थे भोपाल

## अस्पताल के सेकंड फ्लोर की खिड़की से कूदा मरीज, मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद क्षेत्र स्थित मोतिया तालाब के पास एबीएम अस्पताल के सेकंड फ्लोर से मंगलवार रात एक मरीज ने छलांग लगा दी। करीब 25 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। गार्ड और अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को उठाकर भर्ती कराया, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार विष्णु प्रसाद चौधरी पिता जय किशन चौधरी (56) ग्राम पाचोर, नसरुल्लागंज, जिला सीहोर में रहते थे। उनके बच्चे मजदूरी करते हैं। बच्चों ने पुलिस को बताया कि पिता की तबीयत दो दिन पहले बिगड़ी थी। उन्हें सीने में दर्द हुआ और वह पिता को लेकर पहुंचे थे। वहां उन्हें तीन यूनिट ब्लड लगाया गया और सीहोर रेफर कर दिया।

### रात में शौच का कहकर गए थे विष्णु प्रसाद

रात करीब 12 बजे विष्णु प्रसाद अपने बेटे को शौच करने का कहकर निकले थे। इसके बाद उन्होंने दूसरे फ्लोर की खिड़की का कांच हटाया और लोहे की जाली हटाकर नीचे छलांग लगा दी। गार्ड और अन्य लोगों ने उनके कूदने की सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी। इसके बाद उन्हें अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, लेकिन 25 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उन्हें गंभीर चोट आई थी और सुबह करीब 11 बजे आसपास उनकी मौत हो गई।

### कह रहे थे-ठीक नहीं लग रहा, घर चलना है...

सीहोर में भी उन्हें एक यूनिट ब्लड लगा और ईसीजी कराने के बाद हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन उन्हें एंबुलेंस से लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंच रहे थे। इस दौरान किसी ने बताया कि मोतिया तालाब के पास एबीएम अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से इलाज होता है और वह उन्हें लेकर एबीएम अस्पताल पहुंच गए। वहां इलाज कराने के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हो गया था। मंगलवार रात उन्होंने खाना भी खाया था। वे कह रहे थे कि ठीक नहीं लग रहा है घर चलना है। परिजन ने कहा कि अभी डॉक्टर डिस्चार्ज करेंगे उसके बाद घर चलेंगे।

### 1200 में लगे 515 स्कूलों में शिविर

## जापानी इंसेफेलाइटिस का अब तक डेढ़ लाख बच्चों को लगा टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) टीकाकरण अभियान में सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है। 27 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान में अब तक डेढ़ लाख बच्चों को जेई का टीका लगाया गया है। साथ ही 515 स्कूलों में इसके लिए लगाए गए। विशेष शिविर में लगभग 37 हजार बच्चों का टीकाकरण हुआ।

### यहां लग रही वैक्सीन

एम्स, जेपी, संतनगर सिविल अस्पताल, काटजू, बैरसिया सिविल अस्पताल, गांधीनगर व कोलार स्वास्थ्य केंद्र, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत अस्पताल, 1100 क्वार्टर सिविल डिस्पेंसरी, मिसरोद प्राथमिक केंद्र, बागसेवनिया डिस्पेंसरी, रेलवे हॉस्पिटल, अशोका गार्डन व कोलुआ कला प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा हॉस्पिटल, पुलिस और मिलिट्री हॉस्पिटल भी शामिल हैं।

### इन निजी संस्थानों में लग रहे टीके

पीपल्स मेडिकल कॉलेज, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज, चिरायु मेडिकल कॉलेज, एलएनमेडिकल कॉलेज, सेज अपोलो हॉस्पिटल, सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, एमडीसी हॉस्पिटल, रेनबो चिल्ड्रन हॉस्पिटल और मिरेकल में निशुल्क टीके लगाए जाएंगे। विभाग द्वारा निजी अस्पतालों को वैक्सीन निशुल्क उपलब्ध कराई गई है।

### तेजी से चल रहा अभियान...

टीकाकरण अभियान तेजी से चल रहा है। परिजनों से आग्रह है कि वे अपने बच्चों को इस घातक बीमारी से बचाने के लिए टीका अवश्य लगवाएं। शासन द्वारा टीके निशुल्क लगाए जा रहे हैं।
**डॉ. प्रभाकर तिवारी**, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

- टोटल टार्गेटेड स्कूल - 1203
- स्कूल कवर्ड - 515
- कुल बच्चों का वैक्सीनेशन - 1,53,916

### उम्मीदवारों ने चुनाव चिह्न के साथ शुरू किया प्रचार

## चुनाव में उड़ेगा गुब्बारा, सुनाई देगी बांसुरी की धुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा संसदीय क्षेत्र भोपाल में चुनाव प्रचार -प्रसार शुरू हो गया है। इस बार प्रचार में सीटी का शोर और बांसुरी की धुन सुनाई देगी, तो वहीं गुब्बारा भी उड़ते हुए नजर आएगा।

दरअसल, संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे स्थानीय राजनीतिक दल और निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए हैं। इन्हीं चुनाव चिह्न को लेकर यह मतदाताओं के बीच पहुंचेंगे और अपने समर्थन में मत मांग सकेंगे।

दलीय और निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित




### इन उम्मीदवारों को आवंटित किए गए चुनाव चिह्न

लोकसभा संसदीय क्षेत्र भोपाल से चुनाव लड़ रहे अजय कुमार पाठक को सेब फल, अब्दुल ताहिर को सीटी, अक्षय गोठी को एयर कंडीशनर, धनराज शेंडे को सिलाई मशीन, बलराम सिंह तौमर को बांसुरी, बाबूलाल सेन को आटो रिक्शा, मुदित चौरसिया को रोड रोलर, मुदित भटनागर को बैटरी टार्च, रामप्रसाद पटेल को आरी, संजय कुमार सरोज को लैटर बाक्स, मोहम्मद अशरफ को हॉकी और बाल, अंकित राय को अलमारी, जय सिंह को सितार, दीनदयाल अहिरवार को हीरा, भारती यादव को बेबी वाकर, आरके महाजन को हांडी, मैथलीशरण गुप्त को गुब्बारा, राजेश कीर को चारपाई और हितेंद्र शहारे को लिफाफा चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है।

**भोपाल संसदीय क्षेत्र से इस बार 22 प्रत्याशी मैदान में**

जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं और अब वह इन्हीं के आधार पर प्रचार कर सकेंगे। बता दें कि भोपाल संसदीय क्षेत्र से इस बार कुल 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

"रुक जाना नहीं" परीक्षा
मई-जून 2024 के तहत्
माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा 2024 के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निराश ना हों उनके लिए 20 मई से पुन: परीक्षाऐं
केवल माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल से 2024 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी हेतु

पात्रता-
माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल की फरवरी 2024 में आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित रहे विद्यार्थी।

परीक्षा-
- पात्र परीक्षार्थी 5 मई 2024 (अंतिम तिथि) तक आवश्यक रूप से एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अथवा स्वयं, ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन करवा सकते हैं।
- परीक्षा 20 मई 2024 से आयोजित की जावेगी। परीक्षा पूर्व 10 मई से 18 मई 2024 तक निर्धारित केन्द्रों (विकास खण्ड स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय) पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है।
- परीक्षा प्रश्नपत्र मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम अनुसार ही होंगे तथा केवल अनुत्तीर्ण विषयों की ही परीक्षा देनी होगी।

अंकसूची म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल द्वारा ही दी जावेगी, जिसमें पूर्व में उत्तीर्ण विषयों के प्राप्तांक दर्शित होंगे।
- किसी कारणवश हितग्राही म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की माह मई-जून 2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं तो उन्हें शेष विषयों की परीक्षा माह दिसम्बर 2024 में आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु पुन: पंजीयन करवाकर उत्तीर्ण होने के लिए अवसर प्रदान किया जावेगा।
- मई 2024 में आयोजित प्रथम चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को ही कक्षा 11 में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। द्वितीय चरण में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश नहीं मिलेगा परन्तु वे अगले वर्ष 2026 की ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12 की "आ लौट चलें" परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगें।

✓ परीक्षा के प्रवेश पत्र www.mpsos.mponline.gov.in एवं राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट www.mpsos.nic.in से डाउनलोड कर सकेंगे
✓ प्रवेश पत्र पर परीक्षा की समय सारणी आदि की जानकारी अंकित होगी।
✓ किसी भी प्रकार की समस्या समाधान हेतु एम.पी. ऑनलाइन की हेल्पलाइन 0755-6720200 पर संपर्क करें।
✓ परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं ब्लूप्रिंट म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल अनुसार ही होगा।

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल
M.P. Madhyam/114561/2024

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# 'मिशन-29' के लिए 'साफ संदेश'

पीएम मोदी का एयरटेल तिराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक मेगा रोड-शो...उमड़ पड़ा भोपाल... चारों तरफ भगवा ही भगवा...'एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी' का नजारा दिखा




खुली जीप में पीएम लहराते रहे कमल का फूल, दोनों तरफ रहे सीएम यादव, प्रत्याशी आलोक शर्मा और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा

करीब 200 स्वागत मंच बनाए गए थे, करीब तीस मिनट में पूरा हुआ एक किलोमीटर का सफर

पारंपरिक बैंड से भी किया स्वागत, सभी समाजों ने लगाए मोदी-मोदी के नारे

मोदी को देखते ही लोगों ने जय श्री राम और भारत माता की जय के जमकर नारे लगाए

**चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा**

25 आईपीएस करते रहे मॉनिटरिंग

सुरक्षा में तैनात रहे करीब 2 हजार पुलिसवाले

**रोड शो शाम 7 बजकर 2 मिनट पर शुरू हुआ और शाम 7 बजकर 34 मिनट पर खत्म हुआ**

## एक किलोमीटर तक बरसते रहे फूल, शंख-डमरू और ढोल बजे, मंत्र गूंजे, महिलाओं ने उतारी आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी का एयरटेल तिराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक एक किलोमीटर का रोड शो। पर इस रोड शो में पूरा भोपाल ही उमड़ आया। इस रोड शो में चारों तरफ भगवा लहरा रहे थे। इस रोड शो में 'एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी' का नजारा दिखा। सड़क के दोनों तरफ करीब 200 मंच लगे थे। इन पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, साधु-संत, महिलाएं पारंपरिक परिधानों में उपस्थित थीं। सड़के के दोनों तरफ कहीं शंख की ध्वनियां गूंज रही ▶▶ शेष पेज 4 पर



पीएम मोदी ने रोड शो में संतों को किया प्रणाम

### सीएम यादव और वीडी शर्मा की मेहनत रंग लाई

इस रोड शो की भारी सफलता के पीछे सीएम डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की कड़ी मेहनत थी। उन्होंने रात दिन बैठकें कीं और प्लानिंग बनाई और कार्ययोजना का क्रियान्वयन कराया। कार्यक्रम में सभी वर्गों को जोड़ने और 200 मंचों के स्वागत की परिकल्पना भी दोनों नेताओं ने की थी।

### मोदी की एक झलक पाने लोग दिखे बेताब, मुखौटे लगाकर पहुंचे समर्थक

रोड शो में लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा। मोदी की एक झलक देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने गुलाब के फूल बरसा कर जय श्री राम और मोदी-मोदी के नारे लगाकर उनका अभिवादन किया। रोड शो को देखने के लिए महिलाएं, युवा और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। रैली में काफी लोग पीएम मोदी के मुखौटे लगाए नजर आए। मोदी को देखते ही लोगों ने जय श्री राम, भारत माता की जय और मोदी-मोदी के जमकर नारे लगाकर स्वागत ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लोगों ने मोबाइल से ली पीएम की तस्वीरें

मोदी के रोड शो के रूट में दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जुटे। उन्होंने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। साथ ही अपने मोबाइल कैमरे से उनकी तस्वीरें भी लीं। जगह-जगह मोदी के बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए थे। इधर रोड शो को लेकर शाम पांच बजे से ही भाजपा विधायकों के समर्थक अलग-अलग समूह में पहुंचना शुरु हो गए थे। सड़क के दोनों तरफ भीड़ देखकर लग रहा था कि पूरा शहर मोदी को देखने ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सीएम ने कहा ऐसा रोड शो कभी नहीं हुआ

*मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि बुधवार को दिन भोपाल और मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। जनता का उत्साह और उमंग बता रही है कि पूरा प्रदेश मोदीमय हुआ है। देश के दिल मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश के दिल भोपाल में जिस प्रकार पीएम मोदी का रोड शो हुआ है ऐसा रोड शो कभी नहीं हुआ।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**


### 51 के हुए मास्टर ब्लास्टर तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को अपना 51वां जन्मदिन मनाया। भारत सहित दुनियाभर में उनके करोड़ों फैंस अपने पसंदीदा क्रिकेटर को जन्मदिन की शुभमकामनाएं दी। उन्होंने 'सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन' के बच्चों के साथ समय बिताया। तेंदुलकर के साथ उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी मौजूद रहीं।



### 12वीं में फेल होने पर छात्रा ने दी जान

**सांची।** वार्ड 13 स्थित डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी निवासी कक्षा 12वीं की छात्रा ने रेल से कटकर जान दे दी। चुन्नीलाल अहिरवार की 19 वर्षीय बेटी पूनम कक्षा 12वीं में फेल हो गई इससे वो सदमे में आ गई। पुलिस के अनुसार छात्रा सांची के गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई करती थी।



माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं व 12वीं का परिणाम किया जारी

10वीं में अनुष्का अग्रवाल और 12वीं अंशिका मिश्रा, मुस्कान दांगी टॉप पर

# बेटियां फिर 'आसमान' पर

*कक्षा दसवीं में 54.35 प्रतिशत रेगुलर छात्र और 61.88 प्रतिशत रेगुलर छात्राएं बारहवीं में 60.55 प्रतिशत रेगुलर छात्र और 68.43 प्रतिशत रेगुलर छात्राएं सफल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने कक्षा दसवीं और बाहरवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार कक्षा दसवीं में 58.10 प्रतिशत रेगुलर और 13.26 प्रतिशत प्राइवेट स्टूडेंट पास हुए हैं। वहीं, बारहवीं में 64.49 प्रतिशत रेगुलर और 22.46 प्रतिशत प्राइवेट स्टूडेंट पास हुए हैं।

पिछले वर्ष के मुकाबले रेगुलर स्टूडेंट में कक्षा दसवीं के रिजल्ट में 5.19 प्रतिशत की कमी आई है, वहीं बारहवीं के रिजल्ट में 9.21 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं प्राइवेट स्टूडेंट की बात करें तो यहां कक्षा दसवीं के रिजल्ट में 3.85 प्रतिशत की गिरावट आई है और कक्षा बारहवीं में 4.31 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। माशिमं द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा डीपीएसई ▶▶ शेष पेज 4 पर

दसवीं में 58.10 प्रतिशत और बारहवीं में 64.49 प्रतिशत स्टूडेंट हुए पास

दसवीं के रिजल्ट में 5.19 प्रतिशत की कमी, बारहवीं में 9.21 प्रतिशत का इजाफा

10वीं में मुरैना, 12वीं में नरसिंहपुर अव्वल, भोपाल 39वें और 22वें स्थान पर

सरकारी स्कूलों के मुकाबले दोनों कक्षाओं में निजी स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन रहा




शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा में सफलता के बाद जश्न मनाती बेटियां।

### अलग-अलग संकाय में इन्होंने लहराया परचम

कक्षा दसवीं मेरिट सूची में मंडला जिले के नैनपुर की अनुष्का अग्रवाल ने 495 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, कक्षा बारहवीं में प्रदेश में गणित संकाय में रीवा जिले की अंशिका मिश्रा ने 493 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कॉमर्स में विदिशा जिले के सिरोंज की मुस्कान दांगी ने 493 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं आर्ट में 487 अंकों के साथ शाजापुर जिले के कालापीपल के जयंत यादव ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मेरिट लिस्ट में 10वीं के 45, 12वीं के 85 स्टूडेंट ने जगह बनाई

दसवीं की मेरिट सूची में 45 और कक्षा बारहवीं की मेरिट सूची में 85 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। बारहवीं में आर्ट में 24, गणित में 45, जीव विज्ञान में 29, वाणिज्य में 23, कृषि में 8, ललित कला और गृहविज्ञान में 3 स्टूडेंट ने स्थान हासिल किया है। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले इस बार सूची में भी स्टूडेंट की संख्या में कमी आई है। पिछली बार कक्षा दसवीं में 150 और बारहवीं में 98 विद्यार्थियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई, कहा**

### जो भी छात्र असफल हुए हैं, वे निराश न हों



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमपी बोर्ड की 10वीं, 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। आप सभी मध्यप्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। मां सरस्वती ▶▶ शेष पेज 4 पर

**टॉपर बच्चों से बातचीत**



10वीं में अनुष्का अग्रवाल
500/495
99%

### अनुष्का ने कहा 3 से 4 घंटे की सेल्फ स्टडी

मंडला जिले के नैनपुर के ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम हासे स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा अनुष्का अग्रवाल पिता जय प्रकाश अग्रवाल ने 500 मे से 495 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान बनाया है। अनुष्का को मैथ्स और ▶▶ शेष पेज 4 पर



12वीं में अंशिका मिश्रा
500/493
98.6%

### अंशिका ने कहा रोजाना 8 घंटे की पढ़ाई

कक्षा बारहवीं की छात्रा अंशिका मिश्रा पिता ज्ञानेंद्र मिश्रा ने विज्ञान-गणित समूह में 500 में से 493 अंक प्राप्त किए हैं। अंशिका रीवा जिले के शिक्षा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नीम चैराहा बोडाबाग रोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

दूसरे चरण के लिए थमा चुनाव प्रचार का शोर

## मप्र की 6 समेत 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कल



*प्रदेश की 6 सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में 80 प्रत्याशी आजमा रहे अपना भाग्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान का काउंटडाउन शुरू हो गया है। बुधवार शाम से दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार का शोर भी थम गया है।

इसके बाद कल 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसमें मध्य प्रदेश की 6 सीटें जिसमें टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद शामिल हैं। सतना से चार बार के सांसद गणेश सिंह को भाजपा ने इस बार भी अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को टिकट दिया है। नारायण त्रिपाठी को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उतारा है। रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा ने ब्राह्मण चेहरों पर दांव खेला है। भाजपा ने मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने जनार्दन मिश्र के सामने नीलम अभय मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। खजुराहो में इस बार चुनाव दिलचस्प है। कांग्रेस से गठबंधन के तहत यह सीट समाजवादी पार्टी को मिली थी। मगर यहां से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो चुका ▶▶ शेष पेज 4 पर

**किन राज्यों में कितनी सीटों पर होगा मतदान**

| | |
|---|---|
| मध्य प्रदेश | 6 |
| त्रिपुरा | 1 |
| जम्मू-कश्मीर | 1 |
| पश्चिम बंगाल | 3 |
| असम | 5 |
| बिहार | 5 |
| छत्तीसगढ़ | 3 |
| महाराष्ट्र | 8 |
| उत्तर प्रदेश | 8 |
| राजस्थान | 13 |
| कर्नाटक | 14 |
| केरल | 20 |
| मणिपुर | 1 |

यवतमाल में कर रहे थे चुनाव प्रचार

## गडकरी को भाषण के दौरान आया चक्कर, स्टेज पर बेहोश हो गिर पड़े

एजेंसी ▶▶ मुंबई




*यवतमाल भीषण गर्मी का सामना कर रहा*

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी की बुधवार को उस समय तबीयत बिगड़ गई, जब वे महाराष्ट्र के यवतमाल में एक लोकसभा चुनाव रैली में भाषण दे रहे थे।

भाषण के दौरान गडकरी को चक्कर आ गया और वो मंच पर ही गिरने लगे। इसके बाद वहां मौजूद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारे और उन्हें मंच से उठाकर ले गए। फिर उन्हें चिकित्सा सहायता मुहैया कराई गई। उनकी तबीयत स्थिर है। गडकरी यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा-महायुति उम्मीदवार राजश्री पाटिल के लिए प्रचार कर रहे थे, जो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से हैं। यवतमाल में 26 अप्रैल (शुक्रवार) को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान मतदान होना है। यवतमाल के साथ ही महाराष्ट्र के बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी ▶▶ शेष पेज 4 पर

जेपी मॉर्गन चेज के सीईओ जेमी डिमन ने कहा-भ्रष्टाचार को समाप्त करने में सफल रहे मोदी

**400 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकाले** / **डिमन ने गरीबी उन्मूलन,** बुनियादी ढांचे के विकास और नौकरशाही सुधारों में पीएम मोदी के प्रयासों पर प्रकाश डाला

## पीएम मोदी ने देश की तरक्की के लिए 'अविश्वसनीय' काम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध वित्तीय संस्थानों में से एक जेपी मॉर्गन चेज के अध्यक्ष और सीईओ जेमी डिमन ने भारत की उपलब्धियों और पीएम मोदी की प्रशंसा की है।

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और राजनीति पर अपनी टिप्पणियों के लिए जाने जाने वाले सीईओ डिमोन ने कहा कि मोदी ने भारत में अविश्वसनीय काम किया है। दरअसल, जेपी मॉर्गन चेज के सीईओ इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत में हो रहे विकास कार्यों के लिए पीएम मोदी की तारीफ की। डिमन ने गरीबी उन्मूलन, बुनियादी ढांचे के विकास और नौकरशाही सुधारों में पीएम मोदी के प्रयासों पर प्रकाश डाला और उनके नेतृत्व में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी की नीतियों ने लगभग 400 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, यह एक बड़ी उपलब्धि है जो मान्यता के योग्य है। सीईओ ने पीएम मोदी की स्वच्छ भारत अभियान जैसी पहल पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य भारत के हर घर ▶▶ शेष पेज 4 पर

इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोले सीईओ



### भारतीय लोगों की आईडी प्रणाली की तारीफ की

सीईओ डिमन ने वित्तीय समावेशन में भारत की प्रगति की प्रशंसा करते हुए उल्लेख किया कि सरकार ने लगभग 700 मिलियन लोगों के लिए बैंक खाते खोले हैं, जिससे आबादी के एक महत्वपूर्ण हिस्से तक वित्तीय पहुंच सुनिश्चित हुई है। उन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली और बुनियादी ढांचे के विकास की भी सराहना की और इसे अविश्वसनीय बताया। उन्होंने आधार जैसी योजना पर कहा कि उन्होंने यह अद्भुत चलन शुरू किया है जहां प्रत्येक नागरिक को हाथ, आंख या अंगुली से पहचाना जाता है। उन्होंने 700 मिलियन लोगों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बोर्ड परीक्षाओं में राजधानी पिछड़ी, 10वीं में टॉप-10 की बाउंड्री पर छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन

# कोई इसरो जाना चाहता है तो कोई बनना चाहता है आईएएस

- *शहर के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल हासे स्कूल सहित सीएम राइज स्कूल और निजी स्कूलों के बच्चों ने भी दिखाई प्रतिभा*
- *सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से टॉप 10 में आठवीं रैंक हासिल करने वाले कक्षा 12वीं के प्रशांत राजपूत की कोलार में है चाय की दुकान*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं में राजधानी टॉप 10 से लगभग बाहर रही है। केवल सार्थक साहू को 10वां स्थान मिला है। कक्षा 12वीं में 4 बच्चों ने अपना स्थान बनाया है। 10वीं में इस साल पिछले साल के मुकाबले 5.19 फीसदी कम विद्यार्थी पास हुए। नैनपुर मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 10वीं में टॉप किया है। अनुष्का को 495 अंक मिले हैं। कालापीपल शाजापुर के जयंत यादव ने 12वीं में टॉप किया है। मालूम हो कि इस साल इन दोनों परीक्षाओं में 17 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया है, जिसमें से कक्षा 10वीं में 58.10 प्रतिशत रेगुलर और 13.26 प्रतिशत प्राइवेट विद्यार्थी पास हुए हैं। इनमें करीब 54 प्रतिशत छात्र और लगभग 62 फीसदी छात्राओं ने बाजी मारी है। 10वीं में भोपाल जिले में 59.56 प्रतिशत रेगुलर और 12 फीसदी के करीब प्राइवेट विद्यार्थी पास हुए हैं। वहीं, 12वीं में भोपाल जिले में 68.68 प्रतिशत रेगुलर और 24.68 फीसदी प्राइवेट विद्यार्थी पास हुए हैं। पिछले साल की तुलना में 12वीं में 9.21 फीसदी बेहतर परिणाम रहा है।

**शहर के टॉपर्स अब क्या करेंगे**



### इसरो में जाना चाहते हैं प्रशांत

सुभाष उत्कृष्ट स्कूल के कक्षा 12वीं के गणित विषय से प्रशांत राजपूत 8वें स्थान पर हैं। प्रशांत राजपूत कोलार के दानिश नगर चौराहा स्थित ठाकुर टी स्टॉल है, जहां वे अपने पिता का इस व्यवसाय में सहयोग करते हैं। वे कहते हैं अब उन्हें 97 प्रतिशत अंक मिले हैं। अब वे जेईई क्वालिफाई करेंगे और आगे इसरो में जाने के लिए तैयारी करेंगे।



### आईएएस बनना चाहती हैं बबली मीना

सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय की बबली मीना बैरसिया में रहती हैं। यह ह्यूमिनिटीज की छात्रा हैं। कक्षा 12वीं में इन्हें प्रदेश में 9वीं रैंक मिली है। वे बताती हैं कि उन्हें यूपीएससी करके आईएएस बनना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने पढ़ाई के लिए कोई विशेष समय का निर्धारण नहीं किया था, लेकिन 10 से 12 घंटे पढ़ाई करती थीं।



### आईएएस बनना चाहती हैं कनिष्का

शहर के पीर गेट इलाके की कनिष्का सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय की 12वीं की छात्रा हैं। उन्हें ह्यूमिनिटीज से 10वीं रैंक मिली है। कनिष्का ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही देश सेवा के लिए कुछ करना चाहती हैं, इस लिए अब आईएएस बनकर देश की सेवा करूंगी।

## इन्होंने बताई अपनी तैयारी



### इंजीनियरिंग करके यूपीएससी एग्जाम दूंगी, ताकि देश की सेवा कर सकूं

12वीं परीक्षा में विज्ञान संकाय में सातवां स्थान पाने वाली मॉडल स्कूल की पलक यादव ने 484 नंबर के साथ 96.8% स्कोर किया है। पलक का कहना है कि मैं पढ़ते समय कभी भी घंटे काउंट नहीं करती थी, बस पूरी कंसिसटेंसी के साथ पढ़ाई करती थी कि मुझे यह चैप्टर कंप्लीट करना ही है और लास्ट में एग्जाम से पहले जब हमें प्रिपरेशन लीव मिली थी तब तो मैं करीब 8 से 9 घंटे पढ़ाई कर ही लेती थी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई से बोर होने के बाद मैं म्यूजिक सुनती थी, क्योंकि उससे मुझे काफी अच्छा लगता था या फिर मम्मी-पापा के साथ बाहर घूमने चली जाया करते थी। पलक के पिता पुलिस में हैं और मां हाउस वाइफ। पलक का कहना है कि मेरी सफलता में मेरे पेरेंट्स का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि मैं आगे चलकर कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करना चाहती हूं और फिर आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहूंगी।

**नाम- पलक यादव**
**कक्षा-12वीं**
**संकाय- विज्ञान**
**मॉक्र्स- 484**
**(96.8 प्रतिशत )**



### पढ़ाई के बाद रिलेक्स होने गीता, रामायण जैसे धार्मिक सीरियल को देखता था

वहीं, मॉडल स्कूल के स्टूडेंट आयुष झा ने कॉमर्स बैकग्राउंड से 9वीं रैंक हासिल की है। 475 नंबर और 95% लाने वाले आयुष का कहना है कि मैं रोजाना स्कूल के अलावा तीन से चार घंटे तो पढ़ ही लेता था, मेरा मकसद था कि मैं रिवीजन करते हुए चलूं। जब प्रिपरेशन लीव लगी तब मैं सुबह 6 बजे उठकर अपना रिवाइज करता और फिर चैप्टर को बहुत अच्छे से याद करता था। आयुष के पिता फास्ट फूड स्टॉल लगाते हैं और बड़ा भाई बीकॉम फाइनल ईयर का स्टूडेंट हैं। आयुष ने कहा कि जब पढ़ाई के बाद बोर होता था तो मैं गीता, रामायण या महाभारत जैसे धार्मिक सीरियल को देखना पसंद करता था, क्योंकि मेरे भैया मुझे सिखाते हैं कि वेब सीरीज या सीरियल में कुछ नहीं रखा है यदि कुछ देखना है तो हमारे धार्मिक ग्रंथों को देखो, उनसे कुछ सीखने को ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मैंने सोशल मीडिया से भी दूरी बनाई हुई थी।

**नाम- आयुष झा**
**कक्षा-12वीं**
**संकाय- कॉमर्स विथ मैथ्स**
**मॉर्क्स- 475**
**( 95 प्रतिशत)**



### टीचर बनने का ख्वाब लिए आदित्य ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर की पढ़ाई

सरदार पटेल स्कूल करोंद के आदित्य गौड़ ने गणित विषय के साथ जिले में पांचवीं रैंक हासिल की है। 487 नंबर के साथ 97.4% लाने वाले आदित्य का कहना है कि मैं स्कूल और कोचिंग के अलावा जब भी टाइम मिलता था पढ़ाई करता था, लेकिन सबसे ज्यादा पढ़ाई मेरी संडे के दिन होती थी, जिसमें मैं 7 से 8 घंटे पढ़ ही लेता था। आदित्य के पापा सब्जी का ठेला लगाते हैं तो वहीं भैया बीकॉम करके अब सेल्समैन का काम कर रहे हैं। आदित्य कहते हैं कि मुझे आगे चलकर टीचर ही बनना है, क्योंकि मुझे लगता है कि इसमें हम 5 से 6 घंटे स्कूल में बच्चों को शिक्षा का ज्ञान दे सकते हैं, जिससे हमारे देश का भविष्य सुधरेगा और बाकी का समय में अपने मम्मी-पापा के साथ घर पर बिता सकता हूं। मेरी ज्यादातर पढ़ाई यूट्यूब पर वीडियो देखकर ही हुई है, जिसमें सब्जेक्ट से रिलेटेड वीडियो को काफी अच्छे से समझाया जाता है।

**नाम- आदित्य गौड़**
**कक्षा-12वीं**
**संकाय- मैथ्स**
**मॉक्र्स- 487**
**( 97.4 प्रतिशत )**

---

**तीन दिवसीय महाविद्यालयीन कार्यक्रम आयोजित**




## आरजीपीवीः यूआईटी में टेक्नोफिलिक स्टूडेंट्स क्लब ने किया विजयपथ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय के यूआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के टेक्नोफिलिक स्टूडेंट्स क्लब ने 3 दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन कार्यक्रम विजयपथ का आयोजन बुधवार से शुरू किया।

यह कार्यक्रम 26 अप्रैल तक विवि परिसर में किया जा रहा है जिसमें 10 तकनीकी शिक्षा संस्थानों के 700 विद्यार्थी सिविल इंजीनियरिंग विषय से जुड़े टेक्निकल इवेंट, खेलकूद एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। विजयपथ आयोजन के तहत खेलकूद स्पर्धा में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, टेबल-टेनिस, रस्साकशी एवं खजाने की खोज प्रतिस्पर्धा होगी। टेक्निकल इवेंट्स के तहत ऑटोकैड प्रतियोगिता, क्विज, पोस्टर-मेकिंग, मॉडल प्रस्तुति एवं कंटेंट राइटिंग स्पर्धा का आयोजन होगा। साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, गायन और ओपन माइक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रूपम गुप्ता, विनेकल नेटवर्क के संस्थापक आकाश श्रीवास्तव, शुभम त्रेहान तथा मेड-ईजी के विजय तिवारी के अलावा विवि के प्रो. एससी चौबे, प्रो. सलीम अख्तर एवं प्रो. अमित विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**केंद्रीय सेकेट्री के भोपाल आने के बाद काम में आई तेजी**

## मेट्रो के काम में तेजी, अतिरिक्त श्रमिकों को काम पर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हबीबगंज रेलवे क्रासिंग व डीआरएम तक रोड पर बनने वाले मेट्रो के स्टील ब्रिज को लेकर ट्रैफिक डायवर्सन दूसरे चरण में 28 अप्रैल तक लिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के सेकेट्री अनुराग जैन ने मेट्रो के कार्यों को बारीकी से समझा और कई सुझाव दिए। इसके बाद ही चल रहे निर्माण कार्यों के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ा दी गई। इस काम में देरी होने पर ट्रैफिक डायवर्सन 28 अप्रैल से आगे बढ़ाया जा सकता है। यह सूचना मिलने पर भोपाल मेट्रो कंपनी ने ठेकेदार को आदेश दिया है कि श्रमिकों की संख्या को बढ़ाकर काम जल्दी से निपटाया जाए।

इस संबंध में लगातार अधिकारी निगाह रखे हुए हैं। मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार ठेकेदार स्वयं ही ट्रैफिक डायवर्सन की प्लानिंग पुलिस को भेजते हैं। इसकी जानकारी उन्हें दी जाती है, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। अधिकारियों के अनुसार यह काम पूरा होने के बाद एम्स तक ट्रायल रन करना है। इसलिए कंपनी प्रयास कर रही है कि अभी पांच ट्रेनों से ही एम्स तक ट्रायल किया जाए। अभी दूसरी ट्रेन भी नहीं बुला रहे हैं, क्योंकि यहां सिर्फ रखने के लिए ट्रेन नहीं मंगाना है। इंदौर में काफी जगह है और वहां लगभग काम पूरे हो गए हैं। इसलिए ट्रेनों की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार स्टील ब्रिज के लिए पिलर के ऊपर पूरी व्यवस्था हो गई है। गर्डर रखने के साथ ही अन्य सिविल वर्क पूरे हो गए हैं।

## एम्सः जन्मजात डिसऑर्डर एलएसडी की शीघ्र पहचान बचा सकती है जान

**लाइसोसोमल स्टोरेज डिसआर्डर पर जागरुकता कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स के बाल रोग विभाग ने लाइसोसोमल स्टोरेज डिसआर्डर (एलएसडी) पर जागरुकता कार्यक्रमक आयोजन किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि लाइसोसोमल स्टोरेज रोग चयापचय की जन्मजात डिसऑर्डर है। लाइसोसोम शरीर में मौजूद एक झल्ली है, जिसमें खाने को पचाने वाला एंजाइम मौजूद होता है। इस झिल्ली में खामियों होने पर शरीर पर कई प्रभाव पड़ते हैं, जिसके चलते शरीर के अंगों की कोशिकाओं में अधिक मात्रा में सब्सट्रैक्ट जमा हो जाते हैं, जिससे प्रभावित अंग की कार्य क्षमता कमजोर होने लगती है। जो आगे चल कर बड़ी रुग्णता के साथ मृत्यु दर में योगदान करता है। ये विकार हालांकि दुर्लभ हैं, लेकिन बचपन से लेकर किसी भी उम्र में सामने आ सकता है। इस विकार के उपचार उपलब्ध हैं। जितनी जल्दी यह बीमारी पकड़ में आए उतना इसका इलाज संभव माना जाता है। जिससे जीवन बच सकता है। जागरुकता सत्र में 50 से अधिक रेजिडेंट डाक्टरों और स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## चलता है, की प्रवृत्ति अब नहीं चलेगीः प्रो. त्रिपाठी

**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में बुधवार को रक्षा मंत्रालय के गुणता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) की भोपाल यूनिट के क्वालिटी एश्योरेंस ऑफीसर कैप्टन डॉ. ओपी शर्मा ने परस्पर सहयोग के लिए निटर भोपाल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की लैब्स एवं विभिन्न विभागों को विजिट किया। गुणता आश्वासन महानिदेशालय सशस्त्र सेनाओं को आपूर्ति किए जाने वाले शस्त्रों, गोला-बारूद, उपकरण और भंडार-सामग्री की संपूर्ण रेंज के लिए गुणता सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर निटर निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि आज हर क्षेत्र में क्वालिटी एक महत्पूर्ण पैमाना बन गया है। चलता है, की प्रवृत्ति अब नहीं चलेगी।

**पांच नंबर स्थित कृष्ण प्रणामी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा**

## मानव, जीव-जंतु की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पांच नंबर स्थित कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत कर्ता साध्वी कोकिला कुंज ने कहा कि राष्ट्र और धर्म सर्वप्रथम है। अगर आप के अंदर राष्ट्र के प्रति निष्ठा नहीं है तो आप ईश्वर और धर्म के प्रति समर्पित नहीं हो सकते। हमें सेवाभावी कार्यों के जरिए पीड़ित मानवता, जीव जंतु की सेवा करनी होगी, तभी उसका प्रतिफल कान्हा हमें देगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि गर्मी में पानी का अपव्यय न करें, पॉलीथीन का इस्तेमाल कतई न करें। सभी को घरों में पंछी गिलहरी के लिए भोजन पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, यही ईश्वर की सच्ची सेवा है। इस अवसर पर मंदिर महंत पं. रूपराज शर्मा, संस्थापक पं. भीखराज त्रिपाठी, पुजारी पं. अमरनाथ शर्मा, अशोक शर्मा आदि उपस्थित थे।

## शहर की 10 संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविर आज

**भोपाल।** हाई रिस्क गर्भवतियों के ओवरऑल चेकअप के लिए गुरुवार को 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में ओवरऑल चेकअप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चिकित्सकीय परामर्श के साथ हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्ब्युमिन, शुगर, मलेरिया, टीबी, हेपेटाईटिस, ओरल ग्लूकोज़ टेस्ट, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस की जांच की सुविधा भी मिलेगी। शिविर एम्स, जेपी अस्पताल, डॉ. कैलाशनाथ काटजू महिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल बैरागढ़, इंदिरा गांधी गैस राहत हॉस्पिटल, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, हमीदिया के गायनिक विभाग, सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर और कोलार में लगेंगे।

**होटल जहांनुमा पैलेस में रिवायत-ए-मुर्शिदाबाद फूड फेस्टिवल का शुभारंभ आज**

## 1940-50 के दशक का बंगाली जायके से लबरेज रिवायत-ए-मुर्शिदाबाद फूड फेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोछार चॉप, मंगशोर झोल, भेटकी भापा, झींगरी मलाई यह कुछ ऐसी बंगाली नॉन वेज डिशेज हैं, जिससे नॉन वेज खाने वालों के मुंह में पानी आ जाए। मुझे बचपन से ही बंगाली खाना खासकर नॉनवेज फूड बनाने का शौक है, और यह फूड मेरी दादी की दादी की याने 1940-50 के दशक जमाने की देन है, जिसे आप कह सकते हैं आज से 80 साल पुरानी बंगाली व्यंजन। वही चीज मैंने सीखी और 8 साल की उम्र से मैं यह डिशेज बनाने लगी थीं और फिर इसमें एक्सपर्ट होती गई। इसमें मैं फिश बनाने में सरसों के तेल का यूज करती हूं साथ ही मटन को मैं शुद्ध घी से बनाती हूं। यह कहना है बंगाल की शेफ सरिता सरकार का। होटल जहांनुमा पैलेस में 25 अप्रैल गुरुवार से रिवायत-ए-मुर्शिदाबाद फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बंगाल की शेफ सरिता सरकार द्वारा बनाए गए डिशेस को सर्व किया जाएगा। यह फूड फेस्टिवल 28 अप्रैल तक शाम 7 से रात्रि 11 बजे तक चलेगा।



### कोशा मांगशो, भेटकी भापा, चिकन डाक बांगलो

इस फूड फेस्ट में सरिता ने कोशा मांगशो, भेटकी भापा, चिकन डाक बांगलो, छेना रोल और मिष्टी दोई, छैना खीर को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें जहां स्वीट डिश में छैना को अलग ढंग से यूज करके मीठा बनाया है तो वहीं नॉन वेज डिशेज में मस्टर्ड सीड्स, मस्टर्ड ऑयल और खसखस के प्रयोग से बनी डिशेज को भी प्रस्तुत किया।

### 8 साल की थी तभी से मुझे खाना बनाने का है शौक

मेरे इस शौक की वजह से मैंने 10 साल पहले खुद का रेस्त्रां खोला, और इसी वजह से आज यहां फूड फेस्ट में आई हूं। उन्होंने कहा कि जब मैं 8 साल की थी तभी से मुझे खाना बनाने का शौक है और उस समय से में व्यंजन में कुछ नया करती थी जो मेरे घर वालों को और घर आने वाले मेहमानों को काफी पसंद आता था।

**एजेंसी ने प्रारंभिक सर्वेक्षण कार्य शुरू किया, मई से होगा निर्माण कार्य**

## क्षिप्रा नदी को अविरल और निर्मल बनाए जाने की कवायद तेजः 2052 की जनसंख्या, तीन सिंहस्थ की आवश्यकताओं के हिसाब से कार्य योजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन शहर में स्थित क्षिप्रा नदी को अविरल एवं निर्मल बनाने की दिशा कवायद तेज हो गई है। इसके लिए इंदौर, सांवेर एवं मांगलिया की वर्ष 2052 की जनसंख्या एवं मेला क्षेत्र की भविष्य की आवश्यकताओं और आगामी तीन सिंहस्थ की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। नियत एजेंसी द्वारा प्रारंभिक सर्वेक्षण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। मई माह से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। योजना को 42 माह यानि सितंबर 2027 तक पूरा करने का टारगेट रखा गया है।



### सीवेज के शोधन की योजनाएं स्वीकृत

क्षिप्रा नदी में विभिन्न शहरों से आने वाले सीवेज के शोधन के लिए विभिन्न योजनाए स्वीकृत की गई है। उज्जैन शहर के लिए शासन द्वारा अमृत 1 योजना के अंतर्गत राशि 438.10 करोड़ रुपए का प्रावधान कर नेटवर्क निर्मित किए जा रहे हैं एवं 92 एमएलडी क्षमता का एसटीपी का निर्माण कर सीवेज शोधन का कार्य किया जा रहा है। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 476.14 रुपए करोड़ की योजना (शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए) स्वीकृत कर निविदा प्रक्रिया प्रचलित है। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 92.00 करोड़ की योजना स्वीकृत हैं, जो शतप्रतिशत केन्द्र शासन द्वारा वित्त पोषित है, जिसमें 15 वर्षों के रखरखाव एवं संचालन संधारण शामिल है, जिसके अंतर्गत नालों के सीवर को टैप कर 24.38 एमएलडी एसटीपी क्षमता के द्वारा शोधन किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना की निविदा प्रक्रिया चल रही है। कान्ह नदी के सीवेज युक्त जल को क्षिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए मप्र शासन द्वारा कान्ह क्लोजडक्ट डायवर्सन परियोजना कुल लागत 480 करोड़ रुपए की स्वीकृति 5 मार्च को जारी की गई है।

### शुद्ध एवं पवित्र जल से पावन पर्वों पर स्नान

डायवर्सन के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में प्रदूषित जल का-परीक्षण करने तथा प्रदूषित जल के शुद्धिकरण की कार्ययोजना नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा तैयार की जा रही है, जिसकी स्वीकृति जून 2024 में संभावित है। आगामी सिंहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं को क्षिप्रा नदी के ही शुद्ध एवं पवित्र जल से पावन पर्वों पर स्नान करवाए जाने की कार्ययोजना बनाए जाने के लिए तकनीकी सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। कार्ययोजना की स्वीकृति माह अगस्त, 2024 तक जारी होना संभावित है।



# सतना में नारायण ने मुकाबले को बनाया त्रिकोणीय, गणेश-सिद्धार्थ हो रहे आगे-पीछे



बनते-बिगड़ते समीकरण

- हर रोज बनते-बिगड़ते दिख रहे चुनावी समीकरण
- पिछड़ा वर्ग के मतदाता भाजपा-कांग्रेस में बंटे
- ब्राह्मणों के बाद बसपा के साथ आया दलित
- भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दूसरे चरण में जिन 6 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होने वालो है, उनमें सबसे रोचक मुकाबला विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट में देखने को मिल रहा है। पहले यहां भाजपा के गणेश सिंह और कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा के बीच ही टक्कर लग रही थी, लेकिन अब बसपा के नारायण त्रिपाठी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाते दिख रहे हैं। ब्राह्मणों का बड़ा तबका नारायण के पक्ष में लामबंद होता दिख रहा है।

इसके साथ दलित मतदाताओं का झुकाव भी बसपा की ओर देखने को मिलने लगा है। गणेश और सिद्धार्थ पिछड़े वर्ग से हैं। इनके समाजों के लगभग डेढ़-डेढ़ लाख वोट क्षेत्र में हैं, इसलिए भाजपा-कांग्रेस के बीच पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बंटवारा तय है। लोगों से बातचीत करने पर पता चलता है कि हार-जीत भाजपा-कांग्रेस के बीच ही होगी, बसपा वोट जरूर काफी हासिल कर सकती है। इससे हार-जीत के समीकरण बन और बिगड़ सकते हैं।

**खास बातें**

- सतना सीट पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जातीय समीकरण
- ब्राह्मणों का बड़ा तबका नारायण के पक्ष में लामबंद होता दिख रहा
- भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों से नाराजगी



गणेश सिंह



सिद्धार्थ कुशवाहा



नारायण त्रिपाठी

### तो बदल सकती है चुनाव की तस्वीर

सतना लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा बताई जाती है। यह वर्ग गणेश सिंह से नाराज बताया जाता है। इसका लाभ बसपा के नारायण और कांग्रेस के सिद्धार्थ को मिल सकता है। दलितों का एक हिस्सा बसपा को वोट देता ही है। दूसरे नंबर पर पटेल और कुशवाहा समाज के साथ पिछड़ा वर्ग के मतदाता हैं। इनका क्रमशः भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के बीच बंटवारा तय है। ब्राह्मणों की क्षेत्र में निर्णायक भूमिका है। अगर यह किसी को एकमुश्त मिल जाए तो जीत तय हो सकती है।

### गणेश के समर्थन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संभाला मोर्चा

सतना विधानसभा चुनाव में पराजय से साफ है कि भाजपा के गणेश सिंह से लोग प्रसन्न नहीं हैं। हालांकि गणेश सिंह के समर्थन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मोर्चा संभाल लिया है। मोदी लहर का भरोसा साथ है ही, लेकिन लोगों की नाराजगी को काबू में करना बड़ी चुनौती है। हर बार गणेश को ही प्रत्याशी बनाने से भाजपा के अंदर नाराजगी है। कांग्रेस के सिद्धार्थ लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के दो चुनाव वे जीत चुके हैं। बार-बार उन्हें मौका देने से कांग्रेस में नाराजगी भी है। कांग्रेस के नेताओं ने बड़ी तादाद में पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वॉइन की है। इसका नुकसान कांग्रेस को हो सकता है। बसपा के नारायण दलबदल में अव्वल हैं। भाजपा, कांग्रेस, सपा में रहने के बाद वे अपनी पार्टी भी बना चुके हैं। अब बसपा से मैदान में हैं। इसकी वजह से लोग उन पर भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### भाजपा, कांग्रेस, बसपा के प्रत्याशी महाबली

सतना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले तीनों प्रत्याशी भाजपा के गणेश सिंह, कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा और बसपा से नारायण त्रिपाठी महाबली माने जाते हैं। सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में गणेश को पराजित कर चुके हैं। अब दोनों लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने हैं। बसपा में हाल में शामिल पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी भी कम नहीं हैं। यह चुनाव 1996 में हुए लोकसभा चुनाव की याद दिलाता है। तब प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भाजपा से और अर्जुन सिंह तिवारी कांग्रेस से मैदान में थे। बसपा ने सुखलाल कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया था। तब भी हर रोज समीकरण बन बिगड़ रहे थे। चुनाव यादगार इसलिए हो गया था, क्योंकि सुखलाल दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हरा कर बाजी मार ले गए थे। सतना में एक बार फिर इसी तरह के मुकाबले के आसार हैं। कांग्रेस के सिद्धार्थ 1996 में अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हराने वाले सुखलाल कुशवाहा के ही बेटे हैं। वे विधानसभा चुनाव में सांसद गणेश सिंह को हरा चुके हैं। बसपा के नारायण मैहर से 4 बार विधायक रह चुके हैं।

## चाय पे चर्चा

▶▶ लालघाटी क्षेत्र की दाता कॉलोनी स्थित नानू टी-स्टॉल पर राजधनीवासियों के बीच चला चुनावी चर्चाओं का दौर

# मतदाता हर प्रत्याशी की सुन रहा है बातें लेकिन मर्जी से ही देने वाला है वोट...

राजधानी में लोकसभा चुनाव 2024 के टिकट वितरण, नामांकन भरने और अब प्रचार के दौरान चर्चाओं का बाजार गर्म है। विशेषकर चर्चा के लिए ऐसे स्थान ज्यादा मुफीद साबित हो रहे हैं, जो हर किसी की पहुंच में आसानी से हों।

ऐसे में शहर के लालघाटी स्थित क्षेत्र की दाता कॉलोनी स्थित नानू टी-स्टॉल पर ऐसी ही चुनावी चर्चाओं का दौर चाय की प्याली के साथ सुनने को मिला। यहां चाय की चुस्कियों के साथ चर्चा में मशगूल पंकज साहू, नरेश रजक, महावीर सिंह, मनोज मुडलियार, नानू ज्ञानचंदानी आदि का कहना कि अभी हर पार्टी के उम्मीदवार वोटर को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं। सब अपने-अपने तरीके से प्रचार में लगे हैं।




वोटर भी हर प्रत्याशी की बात ध्यान से सुन रहा है, लेकिन वोटर को समझना अभी आसान नहीं है। अभी मतदाता सुन सबकी रहा है, लेकिन वोट अपनी मर्जी से ही देने वाला है। इस बात का पता तभी लगेगा, जब चुनाव के परिणाम सामने आएंगे।

हालांकि, अभी दो ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों की चर्चाएं आम हैं। इनमें भाजपा और कांग्रेस का नाम सबसे ऊपर है। अन्य पार्टियों के उम्मीदवार भी क्षेत्र में कोशिश कर रहे हैं, जिससे लगता है कि सफलता किसी को भी मिल सकती है।

## जो हो न सका...

# प्राचीन धरोहर रूपी आशापुरी मंदिर समूह अभी भी अपने जीर्णोद्धार के इंतजार में

आशापुरी मंदिर समूह प्राचीन मंदिरों का समूह है। यह मंदिर खंडहर अवस्था में हैं। इन मंदिरों के हिस्से यहां पर इधर-उधर बिखरे पड़े हुए हैं। यह मंदिर पत्थरों से बने हुए हैं और सुंदर मूर्तियों की नक्काशी इनमें की गई है। यह मंदिर भगवान शिव और आशापुरी देवी को समर्पित है। इन मंदिरों के किनारे तालाब बना हुआ है। इस तालाब को भूतेश्वर बांध कहते हैं। यहां पर तालाब के किनारे जो मंदिर बना हुआ है। वह शंकरजी को समर्पित है और इस मंदिर को भूतेश्वर मंदिर भी कहते हैं। यहां पर आशापुरी देवी का मंदिर भी देखने के लिए मिलता है, जो भूतेश्वर मंदिर से थोड़ी दूरी पर स्थित है। यह जगह सुंदर है। यहां पर बहुत सारे मंदिर हैं। आशापुरी गांव में संग्रहालय भी देखने के लिए मिलता है। यह स्थानीय संग्रहालय है और यहां पर बहुत सारी मूर्तियों का संग्रह देखने के लिए मिलता है।

**आशापुरी मंदिर समूह तक जाने के लिए अच्छी सड़क नहीं**


आशापुरी मंदिर समूह भोपाल शहर से करीब 35 किलोमीटर दूर है। इस मंदिर में जाने के लिए अच्छी सड़क नहीं है। यह मंदिर भोजपुर से करीब 5 किलोमीटर दूर आशापुरी गांव में स्थित है। यहां पर गणेश जी की बहुत सुंदर प्रतिमा देखने के लिए मिलती है। इसके अलावा यहां पर और भी बहुत सारी मूर्तियां हैं।

### 10 हजार कर्मचारी दूसरी बार लेंगे ट्रेनिंग



*भोपाल। लोकसभा चुनाव के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की चुनावी ट्रेनिंग का दूसरा चरण गुरुवार से शुरू होगा। भोपाल के सात केंद्रों पर होने वाली इस ट्रेनिंग में करीब 10 हजार 66 अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। वे ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की बारीकियां सीखेंगे।-*

### मुख्यमंत्री आज इंदौर, रतलाम प्रवास पर



*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को इंदौर, रतलाम प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10.30 बजे इंदौर में पार्टी प्रत्याशी का नामांकन दाखिल कराकर जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 1 बजे रतलाम लोकसभा क्षेत्र के झाबुआ में पार्टी प्रत्याशी का नामांकन दाखिल कराकर जनसभा लेंगे।*

### प्रधानमंत्री मोदी आज मुरैना प्रवास पर



*भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अप्रैल को मुरैना जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह मुरैना में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को मुरैना पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11 बजे मुरैना जिले के पुलिस परेड ग्राउंड में लोगों के समूह को जनसभा को संबोधित करेंगे।*

### चुनावी चटखारे...

जब चुनाव पास आते हैं, सोए मदारी जाग जाते हैं।
वादा पिटारी सजाते हैं, लहरिया धुन बजाते हैं।
नेता नए कुर्ता सिलाते हैं, पजामा टखनों पर आते हैं।
हाथ घुटनों पर आ जाते हैं, माथे तिलक भी लगाते हैं।
शब्द मुहावरे बन जाते हैं, कुछ नए साज सजाते हैं,
कुछ पुरानी धुन बजाते हैं। कुछ नए जुमले सुनाते हैं।

सुरेश पटवा, भोपाल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने विजयराघवगढ़ के कैमोर मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# यह चुनाव भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनावः विष्णुदत्त

**पीएम मोदी भारत को विकसित बनाने के साथ विश्व गुरू बनाने के कार्य में जुटे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को कटनी जिले के विजयराघवगढ़ के कैमोर मंडल के कार्यकर्ता के साथ बैठक की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री भारत को विकसित बनाने के साथ विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य में जुटे हुए हैं। देश में होने जा रहा यह चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पूर्व कांग्रेस कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएँ, लूट, भ्रष्टाचार, भय, असुरक्षा का माहौल था।





**10 वर्षों में नए भारत का निर्माण हुआ**

हमारी सीमाएं असुरक्षित थी और आए दिन आंतकवादी घटनाएं होती थी। इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हुआ है। शर्मा ने कहा कि 2024 का यह लोकसभा चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले 5 वर्ष में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है।

# मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजाः चौहान

पूर्व मुख्यमंत्री ने ग्राम पिपलिया नानकर में जनसभा को किया संबोधित, हरदा में पीएम मोदी की सभा में शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हरदा में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सहभागिता की। पूर्व सीएम ने सिवनी-मालवा और विदिशा संसदीय क्षेत्र के ग्राम पिपलिया नानकर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि हम भाजपा में इसलिए हैं कि देश और अपनी जनता की सेवा कर सकें। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के सिर पर मंथरा बैठ गई है। कांग्रेस के इरादे क्या हैं, ये आ गए तो तुम्हारे खेत, मकान, दुकान भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी ये भारत है, अमेरिका नहीं है। भारत अगर चलेगा तो सनातन परंपरा से चलेगा।



**हार के डर से सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रहीं**

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस की जहां रायबरेली में सबसे ज्यादा गहरी जड़े थी, वहां भी कांग्रेस की दुर्गति हो गई है। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता सोनिया गांधी ने अब रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, क्योंकि उन्हें पता है कि हार जाएगी। राहुल गांधी भी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं। रणछोड़दास बन गए हैं। कांग्रेस हर अच्छे काम का विरोध करती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन एवं सागर में जनसभा को किया संबोधित

# गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का धन छीनना चाहती है कांग्रेसः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में इकोनॉमिक सर्वे कराने की बात कही है। कांग्रेस इकोनॉमिक सर्वे कराकर गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का धन छीनना चाहती है। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने 1974 में सीलिंग एक्ट लाकर किसानों की जमीन छीनने का काम भी किया था। घमंडिया गठबंधन के नेताओं को अपने-अपने परिजनों की चिंता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता है। देश को मान-सम्मान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री लगातार काम कर रहे हैं।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन और सागर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2013 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी और उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी यह बोला था कि इस देश पर पहला हक मुसलमानों का है। कितना दुर्भाग्य है कि कांग्रेस हमेशा से हिन्दू-मुसलमानों के बीच में फूट डालकर शासन करती रही। घमंडिया गठबंधन के लोग पानी पी-पीकर रोज एकमात्र व्यक्ति को गाली देते हैं। उन्हें कोई और नहीं मिलता।

- *घमंडिया गठबंधन के नेताओं को अपने परिजनों की चिंता*
- *देश को मान-सम्मान दिलाने पीएम लगातार काम कर रहे*
- *कांग्रेस हिन्दू-मुस्लिम के बीच में फूट डालकर शासन करती रही*



**गर्मी के साथ ही चुनाव का ताप भी बढ़ रहा है**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूर्य देवता के साथ ही चुनाव का भी ताप बढ़ता जा रहा है। चुनाव मैदान में आमने-सामने की सेनाएं सजग हैं। इस बार का चुनाव कांग्रेस को पापों की सजा देने का चुनाव है। जिस तरह से भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बुआ से कहा था कि बुआजी ये बात तो सही है कि शिशुपाल गलती करेगा और मेरे हाथों से मरना पड़ेगा, लेकिन जब 100 गलतियां पूरी हो जाएगी तो मुझसे मत बोलना। जैसे ही 100 गलती हो गई भगवान कृष्ण ने अपनी अंगुली पर सुदर्शन चक्र धारण किया और शिशुपाल की गर्दन काट दी। अब इतनी ही गलतियां कांग्रेस भी अब तक कर चुकी है। इसलिए इस बार सभी अपनी अंगुली उठाकर वोट रूपी सुदर्शन चक्र से कांग्रेस को भी अपने पापों की सजा दो।

**भाजपा हर वर्ग के लोगों से प्रेम करती है**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के लोगों से प्रेम करती है। हम गरीबों, आदिवासियों, मुसलमानों सभी से प्रेम करते हैं, तभी तो देश के सर्वोच्च पदों पर इन्हें बैठाते हैं। यह काम कांग्रेस की सरकार में कभी नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि निमाड़ की धरती हमेशा से वीरों की धरती रही है। टंट्या मामा जैसे महान योद्धा, जिन्होंने अंग्रेजों के दांत भी खट्टे कर दिए थे। टंट्या मामा ने आदिवासी, गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन कांग्रेस ने कभी उनका सम्मान नहीं किया। अब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनको सम्मान दिला रहे हैं।

### बसपा के नेता भाजपा में शामिल



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष सागर में बहुजन समाज पार्टी के मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा के पूर्व विधायक बलवीर दण्डौतिया ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

### सीएम की मौजूदगी में पटेल ने दाखिल किया नामांकन



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में खरगोन लोकसभा के प्रत्याशी गजेंद्र पटेल ने बुधवार को खरगौन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बालकृष्ण पाटीदार एवं खरगौर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर उपस्थित रहे।

### कांग्रेस के हाथ खाली मैं अपने रिपोर्ट कार्ड के साथ आया हूंः सिंधिया

भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को चंदेरी विधानसभा में जनसंपर्क कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने दौरे की शुरुआत प्राणपुर से की और फिर गौरा कलां, गोधन, महोली, खिरिया देवत, इंदर और कदवाया में सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं अपने विकास कार्यों के रिपोर्ट कार्ड के साथ आया हूं। मेरा ट्रैक रिकॉर्ड है विकास, विकास और विकास। लेकिन कांग्रेस के हाथ खाली हैं। वह जाति के मुद्दे से देश को बांटना चाहती है। कांग्रेस चुनाव के समय आती है और चुनाव खत्म होने के बाद विदेशी पक्षी की तरह फुर्र हो जाती है। सिंधिया ने कहा कि चंदेरी विधानसभा से उनका विशेष संबंध है। यहां आकर खुशी और शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि चंदेरी विधानसभा का विकास हमेशा से मेरा संकल्प रहा है। इसीलिए मैंने किला कोठी, चंदेरी किला एवं अन्य सभी प्रमुख स्थलों का जीर्णोंधार और संरक्षण करवाया।

## खबर संक्षेप

### भारतपे ने 'भारतपे वन' लांच किया

**नई दिल्ली।** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रणी भारतपे ने भारतपे वन के लांच की घोषणा की, जो भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट उत्पाद है जो पीओएस, क्यूआर और स्पीकर को एक डिवाइस में इंटीग्रेट करता है। यह उत्पाद व्यापारियों के लिए लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्थिर क्यूआर कोड, टैप-एंड-पे और पारंपरिक कार्ड भुगतान विकल्पों सहित बहुमुखी पेमेंट स्वीकृति विकल्प प्रदान करता है।



### इंडस एप ने लांच किया वॉयस सर्च फीचर

**बेंगलुरु।** फोन-पे के इंडस एप स्टोर ने यह घोषणा की है कि उनका वॉयस सर्च फीचर अब अंग्रेज़ी के अलावा 10 भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा। यह इनोवेटिव फीचर यूज़र के अनुभव में सुधार लाता है, जिससे यूज़र अपनी पसंद की भाषा में वॉयस सर्च से ऐप्स ढूंढ सकते हैं। वॉयस सर्च टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करती है। वॉयस सर्च विभिन्न प्रकार के उच्चारणों और स्पीच पैटर्न को समझ लेता है, जिससे सर्च के उचित परिणाम मिलते हैं।

### एराया लाइफ स्पेसेज ने किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** एराया लाइफ स्पेसेज लिमिटेड ने लगभग 30 मिलियन रुपए के इंवेस्टमेंट के साथ लोनावाला में लग्जरी स्टेकेशन प्रॉपर्टी का और कमर्शियल रिटेल स्पेसज का अधिग्रहण भारत के सबसे संपन्न राज्य पंजाब के दिल्ल, चंडीगढ़ की सैटेलाइट सिटी, मोहाली में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित सबसे बड़े मॉल में लगभग 470 मिलियन रुपए के इंवेस्टमेंट के साथ किया।

### अमेजन फैशन का स्प्रिंग समर कलेक्शन पेश

**बेंगलुरु।** अमेजन फैशन ने अपना बहुप्रतीक्षित स्प्रिंग समर'24 कलेक्शन के साथ वापस आ गया है। नया कलेक्शन बेहतरीन रंगों, आकर्षक डिजाइन जैसी खूबियों के साथ वसंत और गर्मियों के मौसम की झलक पेश करता है। यह कलेक्शन निश्चित रूप से आपकी स्टाइल में चार चांद लगा देगा। अमेजन के इस खास स्टोर में 200 से अधिक टॉप फैशन और ब्यूटी ब्रांडों के 1000 से अधिक स्टाइल उपलब्ध कराए गए हैं। यहां फन फ्लोरल, ग्राफिक एडिट, स्टाइलाइज्ड बॉटम्स और समर मिडिस से लेकर वर्कआउट एसेंशियल, स्ट्रैपी स्टाइल और ओवरसाइज्ड एडिट जैसी स्टाइल्स शामिल हैं। जो हर किसी की पर्सनेलिटी से मेल खाती हैं।

# आरबीआई ने की कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# ऑनलाइन तरीके से नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर 'रोक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### बैंक के आईटी परीक्षण में पाई खामियों के आधार पर की गई कार्रवाईः आरबीआई

बैंकिंग क्षेत्र के नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने बैंक के ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी है।

हालांकि, नियामक ने अपने निर्देश में कहा है कि वह अपने मौजूदा ग्राहकों जिसमें क्रेडिट कार्ड के ग्राहक भी शामिल हैं, को सेवाएं देना जारी रख सकता है।

रिजर्व बैंक के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन और सूचना सुरक्षा प्रशासन में खामियां मिलने के बाद ने यह कार्रवाई की गई है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा है कि ये कार्रवाइयां वर्ष 2022 और 2023 के दौरान नियामक की ओर से बैंक के आईटी परीक्षण में पाई खामियों के आधार पर की गई हैं। नियामक ने कहा कि बैंक परीक्षण के बाद उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं व्यापक और समयबद्ध तरीके से दूर करने में विफल रहा है।

सुरक्षा प्रशासन में खामियां मिलने के बाद यह कार्रवाई




### बैंक की जांच के दौरान गंभीर खामियां और अनुपलान में कमी दिखीः रिजर्व बैंक

आरबीआई के बयान में कहा गया है कि बैंक के आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन, पैच एंड चेंज मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सुरक्षा व डेटा लीक रोकने की रणनीति में कमी दिखी। केंद्रीय बैंक के अनुसार बैंक की बिजनेस निरंतरता और डिजास्टर रिकवरी के लिए सख्ती व ड्रिल जैसे क्षेत्रों में भी गंभीर खामियां और अनुपालन में कमी दिखी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने बयान में कहा कि लगातार दो वर्षों तक बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया। इसके बाद निष्कर्ष निकाला गया कि यह नियामकीय दिशानिर्देशों के तहत जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है।

## गर्मी के कारण 20 फीसदी बढ़ी शक्कर की खपत

# भोपाल में रोजाना बिक रही 300 टन शक्कर, हर रोज आ रहीं दस गाड़ियां

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी और लोकसभा चुनावों की वजह से राजधानी भोपाल सहित देश में चीनी की खपत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। राजधानी भोपाल में गर्मी के चलते पिछले सप्ताह भर से 20 फीसदी अधिक शक्कर की खपत बढ़ी है। हनुमानगंज स्थित शक्कर कारोबारी देवानंद सचदेवा के अनुसार इन दिनों समूचे भोपाल में करीब 10 गाड़ी शक्कर की रोजाना आवक हो रही है। यानी शहर में 300 टन चीनी हर रोज बिक रही है।

सचदेवा के अनुसार शक्कर में गर्मी की ग्राहकी का जोर होने से इसके भाव में 100 रुपए क्विंटल की तेजी आई है। दरअसल गर्मियों में चीनी की मांग अक्सर बढ़ जाती है। आइसक्रीम और बेवरेज कंपनियों से इसकी मांग बढ़ी है। अप्रैल में सरकारी सेल्स कोटा बढ़ने के बावजूद इसके भाव बढ़े हैं। मालूम हो कि आने वाले दिनों में चीनी और महंगी हो सकती है स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज, जुमेराती बाजार में शक्कर

आइसक्रीम और बेवरेज कंपनियों की शक्कर में मांग



### पखवाड़े भर में चीनी के दाम करीब तीन फीसदी बढ़े

सरकार ने पिछले साल की तुलना में अप्रैल के लिए अधिक कोटा आवंटित किया है। लेकिन थोक उपभोक्ताओं की मजबूत मांग से एक पखवाड़े में चीनी के दाम करीब तीन फीसदी बढ़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि गर्मियों में चीनी के बने प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ती है। चीनी की कीमतों में रिकवरी हो रही है। मई में चीनी की डिमांड और बढ़ेगी। मई में चीनी का कोटा ज्यादा आएगा। थाईलैंड में चीनी का उत्पादन कम है। विदेशी बाजारों में चीनी के दाम 3 फीसदी से 4 फीसदी बढ़ सकते हैं।

### मांग बढ़ने से और बढ़ सकती है कीमत

बाजार जानकारों के अनुसार शक्कर की खपत बढने से न सिर्फ चीनी उत्पादक कंपनियों का मार्जिन बढ़ेगा। चीनी की मांग बढने से घरेलू बाजार में इसकी कीमतें और बढ़ सकती हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवरे ने कहाकि गर्मी के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों की वजह से चीनी की मांग में असामान्य वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे इस साल चीनी की कुल खपत बढ़कर रिकॉर्ड 2.9 करोड़ टन पहुंच सकती है। 30 सितंबर को समाप्त विपणन वर्ष 2022-23 में कुल खपत 2.78 करोड़ टन रही थी।

# लोहे में सटोरियों की दिलचस्पी, महीने भर में 7000 रुपए टन 'महंगा' हुआ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोहा बाजार में सटोरियों का खेल जबरदस्त बना हुआ है। एसएमएस के जरिए इनके द्वारा कीमतों में बढ़ोतरी व कमी जा रही है। इसके चलते लोहा बाजार में माहभर के अंदर ही 7000 रुपए प्रति टन की बढ़ोतरी हो गई है। महीनेभर पहले 56500 रुपए टन के भाव बिका लोहा मौजूदा समय में इसके रिटेल भाव 63500 रुपए प्रति टन बिक रही है।

भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के अध्यक्ष बलदेव खेमानी के अनुसार क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इनकी कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई है। बाजार सूत्रों का कहना है कि सटोरिए अपनी सुविधानुसार एसएमएस के जरिए कीमतों में बढ़ोतरी व कमी कर रहे है। कारोबारियों का कहना है कि कीमतों में काफी गिरावट आ गई थी और उद्योगों को इससे नुकसान भी उठाना पड़ रहा था।



### सीमेंट के दाम बढ़ोतरी को बाजार ने नहीं किया सपोर्ट

सरिया की कीमतों में जहां बढ़ोतरी हो गई है। वहीं सीमेंट की कीमतों में स्थिरता बनी हुई है। सीमेंट कंपनियों द्वारा पांच अप्रैल से कीमतों में बढ़ोतरी की तैयारी थी, लेकिन बाजार ने बिल्कुल भी सपोर्ट नहीं किया। क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि बाजार में मांग नहीं है और ऐसे में कीमतों में बढ़ोतरी का सवाल नहीं उठता। रिटेल में सीमेंट इन दिनों 280 से 300 रुपए प्रति बैग बिक रही है।

## किफायती एवं ईंधन प्रभावी मास मोटरसाइकिल शाइन 100 की लांचिंग

# होंडा ने बनाया 100-110 सीसी कंप्यूटर सेगमेंट को और सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

मास मोबिलिटी के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में अपनी सबसे किफायती एवं ईंधन प्रभावी मास मोटरसाइकिल शाइन 100 की लांचिंग की। अब 100 सीसी बेसिक मास कंप्यूटर केटेगरी में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाते हुए 125 सीसी सेगमेंट में होण्ड के ब्राण्ड शाईन की निर्विवादित लीडरशिप इसके द्वारा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए गए भरोसे, विश्वसनीयता और आधुनिक टेक्नोलॉजी की पुष्टि करती है। शाईन 100 को 12 पेटेंट एप्लीकेशन्स के साथ विकसित किया गया है जो पहले से भी अधिक विश्वसनीयता को सुनिश्चित करती है।




### उपभोक्ताओं को लिए नई 100 सीसी मोटरसाइकिल

योगेश माथुर, ऑपरेटिंग ऑफिसर, सेल्स एंड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने कहाकि शाईन 100 को लांच के साथ हम एक नई शुरूआत करने जा रहे है, जो भारतीय उपभोक्ताओं को लिए नई 100 सीसी मोटरसाइकल है। शार्डन 100 हर भारतीय को बेजोड़ सेवाएं प्रदान कर उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का वादा करती है। इसके भरोसेमंद परफोर्मेंस, आरामदायक राडड और किफायती दाम को साथ हम लोगों को आगे बढ़ने की आजादी को साथ सशक्त बनाना चाहते हैं ताकि वे नए क्षितिज तलाश सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

### सबसे लोकप्रिय एवं भरोसेमंद मोटरसाइकिल ब्रांड

इस अवसर पर आत्सुशी ओगाता, प्रबंध निदेशक, प्रेसीडेंट एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा कि शाइन इस श्रेणी में सबसे लोकप्रिय एवं भरोसेमंद मोटरसाइकिल ब्रांड है। आज हम होंडा की नई शाईन 100 का अनावरण करने जा रहे हैं जिसे शाईन की शरोहर को पुनः सुदृढ़ करने के लिए डिजाईन एवं निर्मित किया गया है। हमें गर्व है कि हम बेसिक कंप्यूटर कैटेगरी में उपभोक्ताओं के लिए सशक्त, भरोसेसंद एवं ईंधन-प्रभावी मोटरसाइकल लेकर आए हैं। शाइन 100 के लां के साथ हम अपने उपमोक्ताओं की जरूरतों एवं महत्वाकाक्षाओं को पूरा करने को लिए निरंतर तत्पर हैं और इस यात्रा के हर कदम पर उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते हैं।

### निसान मैग्नाइट ने किया 30 हजार से ज्यादा बिक्री का पड़ाव पार




**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लगातार तीसरे साल अपनी बिग, बोल्ड, ब्यूटीफुल एसयूवी निसान मैग्नाइट की सालभर में 30 हजार से ज्यादा यूनिट की बिक्री की है। यह उपलब्धि भारतीय ऑटोमोटिव मार्केट में गेम-चेंजर के रूप में मैग्नाइट की मजबूत स्थिति को दर्शाती है।

इस उपलब्धि के लिए निसान ने अपने मूल्यवान ग्राहकों, समर्पित डीलर्स, सप्लायर्स, चेन्नई में अपने अलायंस प्लांट और पूरी निसान टीम को उनके अथक समर्पण एवं उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद किया है। दिसंबर, 2020 में अपनी लांचिंग के बाद से ही निसान मैग्नाइट ने भारतीय उपभोक्ताओं का दिल जीता है और भारत के घरेलू बाजार में 1,00,000 से ज्यादा यूनिट की बिक्री की है। जनवरी, 2024 में कंपनी ने यह पड़ाव पार कर लिया था। इसके अतिरिक्त निसान मैग्नाइट ने अब तक 30,000 से ज्यादा कारों का निर्यात करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना प्रभाव छोड़ा है। इसने मजबूती से खुद को भारत के बी-एसयूवी सेगमेंट में एक पसंदीदा विकल्प के रूप में स्थापित किया है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहाकि हमें इस बात पर गर्व है कि कैसे निसान मैग्नाइट ने भारत में बी-एसयूवी सेगमेंट को हिलाकर रख दिया है।




### ली कूपर की अभूतपूर्व प्रस्तुति का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

ली कूपर के सीईओ सी कूल्पेक्ट्री ओइसन ई ने ली कूपर नामक टिकाऊ फैशन पर केंद्रित अपने समर्पण की घोषणा करते हुए एक अभूतपूर्व नवाचार प्रस्तुत किया है। इसका लक्ष्य प्रकृति को उसका गौरव लौटाना है और इसी का प्रतीक है। इसका 60 प्लस कंटेंट क्रिएटर्स और प्यारी होस्ट अनुष्का मित्रा के साथ ठाणे में एक विशेष स्टोर है।

# प्रीमियर एनर्जीस ने सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद स्थित प्रीमियर एनर्जीस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। फ्रॉस्ट एंड सुलिवन रिपोर्ट के अनुसार प्रीमियर एनर्जीस 31 मार्च, 2024 तक भारत की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत सौर सेल और सौर मॉड्यूल निर्माता कंपनी है।

### 1500 करोड़ के शेयरों का नया इश्यू शामिल

ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। साथ ही इसमें सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा विक्रय किए जाने वाले 2,82,00,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव भी शामिल है। ऑफर फॉर सेल के तहत, साउथ एशिया ग्रोथ फंड होल्डिंग्स एलएलसी 2,38,46,400 इक्विटी शेयर बेचेगा और साउथ एशिया ईबीटी ट्रस्ट 1,53,600 इक्विटी शेयर बेचेगा। इनके अलावा, प्रमोटर चिरंजीव सिंह सलूजा 42,00,000 इक्विटी शेयर का विक्रय करेंगे।

### सेजल ग्लास की आय में 253 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** सेजल ग्लास लिमिटेड एक अग्रणी आर्किटेक्चरल ग्लास निर्माता ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है। कुल आय 309.93 फीसदी वार्षिक बढ़कर 50.22 करोड़ रुपए हुई। एबिटडा 492.97 फीसदी वार्षिक बढ़कर 5.85 करोड़ फीसदी हुआ। एबिटडा मार्जिन 359 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 11.64 फीसदी हुई। कर पूर्व लाभ गत वर्ष की समान तिमाही के घाटे की तुलना में 0.5 करोड़ रुपए हुआ। सेजल ग्लास लिमिटेड के प्रमोटर अमृत गड़ा ने कहाकि हम टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यूहात्मक निवेश द्वारा चालित वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के अपवादात्मक परिणामों की घोषणा कर रोमांचित है।

## बिजनेस न्यूज

### भाभा कॉलेज में दंत स्वास्थ्य जागरुकता और स्क्रीनिंग शिविर



**भोपाल।** भाभा कॉलेज मॉक डेंटल सांइस के पब्लिक हेल्त डेंटिस्ट्री द्वारा सेरेब्रल पाल्सी संगठन, रुचि लाइफस्केप्स, जातखेड़ी में फ्री डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। डॉ. नीरज चौहान (प्रोफेसर और एचओडी) के और डॉ. अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में बीडीएस छात्र (इंटंस) द्वारा 50 से ज्यादा सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों और स्टॉक के सदस्यों की जांच की गई। साथ ही उन्हें मुंह के स्वास्थ्य का महत्व, व दाँतों की सही तरीके से सफाई कैसे की जाए। संतुलित आहार एवं डाइट प्लानिंग कैसे की जाए जैसी जानकारियों से अवगत कराया गया। बच्चों के अध्यापक एवं अभिभावकों को कठिन परिस्थितियों का किस तरह सामना किया जाए, विभिन्न उदहारणों से समझाया गया। सभी लोगों के लिए यह एक बहुत ही सुखद अनुभव रहा। भविष्य में भी इस तरह के शिविर लगाने का अनुरोध किया गया। अंत में बच्चों द्वारा भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस के अध्यापकों को स्वयं हाथो से बने धन्यवाद पत्र दिए गए।

### भाभा विवि में भौगोलिक घटना जीरो शेडो डे, शून्य हुई कुछ पलों के लिए छाया



**भोपाल।** बुधवार यानी 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 17 मिनिट से 12 बजकर 23 मिनिट के मध्य सूर्य देश के पांच शहर भोपाल, हैदराबाद , कन्याकुमारी, मुंबई और बेंगलुरु में ठीक ऊपर होने से जीरो शेडो डे का अदभुत प्राकृतिक नजारा दिखाई देना था। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. श्याम पाटकर ने इस अवसर पर बताया कि यह भौगोलिक स्थिति वर्ष में सिर्फ एक दिन निर्मित होती है जिसका निर्धारण बड़ी ही जटिल गणितीय आंकलन कर वैज्ञानिकों द्वारा इन दुर्लभ पलों का अनुमान निकला जाता है जिसमें धूप में खड़े व्यक्ति की छाया शून्य हो जाती है। इसके लिए विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रसाद पिल्लई, कुल गुरु डॉ. दिलीप-डे, सीएओएसएस लल्ली एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण नामिश मेहता के नेतृत्व में सभी छात्र और कर्मचारी, अधिकारी कड़ी धूप के बावजूद पूर्ण उत्साह से भरे हुए विश्वविद्यालय प्रांगण में एक साथ एकत्रित हुए एवं जब 12 बजकर 18 मिनिट का वह बहु प्रतीक्षित क्षण आया जब उनकी छाया कुछ पलों के लिए शून्य हुई, तो सभी बड़े आश्चर्यचकित हुए एवं सभी ने अपने को इस मनोरम मंत्रमुग्ध करने वाले क्षणों को अपने को साक्षी बनाया।

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया जीत का परचम




**भोपाल।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित नेशनल और स्टेट लेवल की कई प्रतियोगिताओं में जीत का परचम लहराया। विद्यार्थियों ने न सिर्फ खेल में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते बल्कि ओलंपियार्ड में भी कई स्वर्ण पदक स्कूल के नाम दर्ज करवाए। मानसरोवर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के शानदार परफॉर्मेंस के लिए स्कूल के प्राचार्य डॉ. सोजन जॉसेफ द्वारा एसेंबली के दौरान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। डॉ. सोजन जॉसेफ ने बताया कि मानसरोवर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढाई के साथ एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज पर ज्यादा जोर दिया जाता है। स्विमिंग और फुटसल ट्रेनिंग सहित विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों का प्रषिक्षण दिया जाता है।

### भारतीय व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत हुए आनंद सोनी



**भोपाल।** भारतीय व्यापार मंडल दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष योगेश गुप्ता की अनुशंसा पर पर 10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष व सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व सरपंच आनंद सोनी को भारतीय व्यापार मंडल का प्रदेश प्रवक्ता मध्यप्रदेश के पद पर मनोनीत किया गया है उनकी इस नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एचडीएफसी बैंक ने 2 लाख लोगों को किया सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने अपने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान में पूरे भारत में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक पूरी सीरीज़ का आयोजन किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर 16,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की और इनमें 2,00,224 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था।

### गो-डैडी ने लांच किया रजिस्ट्रेशन का स्पेशल ऑफर

**नई दिल्ली।** गोडैडी ने डॉट.कॉम रजिस्ट्रेशन के लिए ऑफर की घोषणा की है। इसमें छोटे व्यवसायियों और उद्यमियों को एक साल के लिए केवल 1 रुपए में डॉट कॉम डोमेन रजिस्ट्रेशन पाने का मौका मिल रहा है और यह ऑफर बाजार में लाइव है और यह 3 साल की खरीद पर ही लागू होगा। दरअसल, गोडैडी कंपनी सालों से उद्यमियों को नवाचारी डिजिटल समाधान देकर सशक्त करके और उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर रही है।

### वार्डविजर्ड इनोवेशंस ने अख्तर को नियुक्त किया डायरेक्टर



**बड़ोदरा।** भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविजर्ड इनोवेशंस एंड मोबिलिटी लिमिटेड ने अख्तर खत्री को डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) नियुक्त करने की घोषणा की है। 25 सालों के गौरवशाली करियर के साथ खत्री के पास बैंकिंग, फाइनैंस, सेल्स एवं मार्केटिंग में गहन अनुभव है, जो निश्चित रूप से इस नई भूमिका के लिए बेहद कारगर होगा।

### आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने डिजिटल हेल्थ पर पाठ्यक्रम शुरू किया

**मुंबई।** स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विश्वविद्यालय आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी जयपुर ने डिजिटल हेल्थकेयर सिस्टम में दिलचस्पी रखने वाले इच्छुक पेशेवरों के लिए डिजिटल हेल्थ पर अपना पहला सर्टिफिकेट कोर्स लांच किया है। इस पाठ्यक्रम को शुरू करने का उद्देश्य डिजिटल हेल्थ की दुनिया में हाल के दौर में हुए इनोवेशंस की समझ के साथ स्वास्थ्य पेशेवरों की पीढ़ी को विकसित करना है, ताकि वे स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, सामर्थ्य और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य प्रणालियों के बेहतर परफॉर्मेंस में योगदान दे सकें।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक**
टी.टी. नगर शाखा, भोपाल (म.प्र.)

**अनुच्छेद - IV { नियम-8 (1) } कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

यथतः इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13 (12) के नियम 3 के साथ प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग करते हुए खातों के सम्मुख अंकित दिनांक को देनदारों तथा जमानतदारों और संपत्ति मालिक को मांग सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसमें उन्हें नोटिस में अंकित राशि एवं उस पर ब्याज की राशि को नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने हेतु निर्देशित किया गया है।
उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया है।
उधारकर्ताओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए इंडियन **इंडियन बैंक, (ई-इलाहाबाद बैंक) टी.टी. नगर शाखा, भोपाल** के अधीन होगा। ऋणियों एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | ऋणी /जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | चल / अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 19/01/2024<br>22/04/2024<br>₹ 16,45,170/-<br>+ ब्याज एवं अन्य खर्च | ऋणी- **मेसर्स सलूजा ऑटो स्टोर्स** (ऋणी/प्रोपराइटरशिप फर्म) **सुश्री मंजीत कौर सलूजा** (प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता) जमानतदारः **श्री जितेन्द्र सिंह सलूजा** एवं **श्रीमती निरजीत कौर सलूजा** | **संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित प्लाट नं. 15, दुकान सह रिहायशी, मेजर शॉपिंग सेन्टर, एम.पी. नगर, जोन-2, हबीबगंज, भोपाल (म.प्र.) उपजिला हुजूर एवं जिला भोपाल में पंजीकृत** संपत्ति मालिक- सुश्री मंजीत कौर पत्नि श्री बलवंत सिंह सलूजा, **क्षेत्रफल- 270.34 वर्गफिट** चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 16, दक्षिण- प्लाट नं. 14 |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 22/04/2024 प्राधिकृत अधिकारी, (इंडियन बैंक)

## चिंतन

# डीआरडीओ की उपलब्धियों से सुरक्षित हो रहा देश

भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। संस्थान ने देश की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई है। पॉलिमर बैकिंग और मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से तैयार की गई इस जैकेट को छह स्नाइपर गोलियां भी भेद नहीं सकीं। जैकेट का इन-कंजक्शन और स्टैंडअलोन डिजाइन सैनिकों को गोला-बारूद से सुरक्षा प्रदान करेगा। कानपुर में तैयार इस जैकेट की टेस्टिंग चंडीगढ़ में की गई। इस जैकेट को पहनने के बाद न केवल सैनिक सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इसके अलावा ये खोज डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर भी बड़ा कदम है। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी इस खोज पर डीआरडीओ को बधाई दी है। यह पहली बार नहीं है जब संस्थान ने रक्षा क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भी अनेक अनुसंधान कार्यों को अंजाम दिया है। वैमानिकी, हथियार, इलेक्ट्रॉनिक्स, युद्धक गाड़ियों, इंजीनियरिंग सिस्टम, मिसाइल, अडवांस्ड कंप्यूटिंग और सिमुलेशन, नौसेना प्रणाली, लाइफ साइंस, इन्फर्मेशन सिस्टम और कृषि विकास में भी इसका अहम योगदान है। कौन भूल सकता है 1983 को जब भारत ने एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम को लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य आत्मरक्षा के लिए मिसाइलों के विकास को अनुसंधान करना था। मिसाइल टेक्नॉलोजी के मैदान में भारत की प्रगति को देखकर अंतरराष्ट्रीय संस्थान एमटीसीआर ने इस पर रोक लगा दी। तकनीक तक भारत पहुंचने से रोक दी गई, लेकिन ये प्रतिबंध देश की इच्छाशक्ति में बाधक नहीं बन पाए। भारत ने एक के बाद एक स्वदेशी पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश और नाग मिसाइलों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसमें आकाश, अग्नि एक, दो, तीन, पांच, पृथ्वी एक, दो, तीन, त्रिशूल, नाग के अलावा कई और नाम शामिल हैं। केवल इतना ही नहीं भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने एक राडार भी विकसित किया है। इसका नाम है दिव्यचक्षु। यह तस्वीर लेने वाला राडार है। इसकी मदद से 20 से 30 सेंटीमीटर मोटी दीवार के पार की तस्वीर भी ली जा सकती है। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बंधकों को बचाने के अभियान में इसका इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे ही 2010 में डीआरडीओ ने एक प्लास्टिक ग्रेनेड विकसित किया। इसे मिर्ची बम भी कह सकते हैं। यह जानलेवा बम नहीं है। इसमें भूत जोलोकिया नाम की दुनिया की सबसे तीखी मिर्च का पाउडर इस्तेमाल किया जाता है। यह छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने में काफी कारगर है। भूत जोलोकिया नाम की मिर्च का उत्पादन असम में होता है। इसी को लेकर यह तैयार किया गया है। संस्थान ने दुश्मनों के लिए सबसे बड़ा भय बनकर उभरी ब्रह्मोस मिसाइल को रूस के साथ मिलकर तैयार किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मस्कवा नदी पर रखा गया है। यह राडार को चकमा दे सकने वाला एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से, पानी के जहाज से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। डीआरडीओ को इस बात का श्रेय जाता है कि भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं, लेकिन इतनी कामयाबी का मतलब यह तो कतई नहीं हो सकता कि सब हो गया। अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। जैसे-जैसे हम उन्नत होंगे वैसे खतरे भी बढ़ेंगे। इसके लिए जरूरी है कि हर तरह की तैयारी रखी जाए।



दो टूक
डॉ. रमेश ठाकुर

# नक्सली एक्शन पर सियासत क्यों

नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षा बलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई है। ये तो जगजाहिर है कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है, जबकि कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षा बलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से मुठभेड़ पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताया था।

ये तो जगजाहिर है कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है, जबकि कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है, पर नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं, इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाए हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जानें गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्मड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्च-स्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है, पर गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे। सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए



गए, यहां तक कि भारतीय सेना को भी लगाया गया, लेकिन ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है।

फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है। नक्सली वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ 'राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' शुरू की थी जिसमें हिंसा के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बना दिया है। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षा बलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि रही है। केंद्र सरकार मोदी ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपए की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, एमपी, महाराष्ट्र, ओडिशा और यूपी के 34 जिलों में लागू किया है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं, लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

अरविंद जयतिलक




# मलेरिया से निपटने की चुनौती

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट द्वारा भी कहा जा चुका है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है, जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती है। उल्लेखनीय है कि भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू किए गए तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरूआत के बाद इन प्रयासों में और अधिक तेजी आई। मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गई, जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। 2003 में राष्ट्रीय ज्ञात कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम यानी एनवीबीडीसीपी के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया। क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है जैसे रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और निजी सुरक्षा उपाय। उल्लेखनीय है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। ध्यान देना होगा कि विश्व बैंक के सहयोग से 1997 तथा 2005 के मध्य आईडीए साख द्वारा अंशतः वित्तीय सहायता प्राप्त एक मलेरिया नियंत्रण परियोजना चुनिंदा राज्यों एवं जिलों में लागू की गई थी। उल्लेखनीय है कि मलेरिया पर पहले पहल गंभीर वैज्ञानिक अध्ययन 1880 में हुआ था जब एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन ने अल्जीरिया में काम करते हुए पहली बार लाल रक्त कोशिका के अंदर परजीवी को देखा था। मलेरिया प्रमुख रूप से वातावरण एवं जलवायु पर निर्भर करता है। हाल के दिनों में जलवायु परिर्तन के मद्देनजर मलेरिया में भी बदलाव देखे गए हैं। गौर करें तो मलेरिया प्रतिवर्ष 40 से 90 करोड़ बुखार के मामलों का कारण बनता है, वहीं इससे 10 से 30 लाख मौतें हर वर्ष होती है। इनमें से ज्यादतर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। यह बिडंबना ही कहा जाएगा कि संक्रमण रोकने के प्रयास तथा इलाज करने के प्रयासों के बावजूद 1992 के बाद इसके मामलों में अभी तक अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो मलेरिया से जुड़े आंकड़े ज्ञात आंकड़ों से कई गुना अधिक होते हैं, इसलिए कि इसके अधिकांश रोगी ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। मलेरिया के वैश्विक फैलाव पर नजर दौड़ाएं तो यह रोग भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। मलेरिया के विस्तार पर गौर करें तो सूखे क्षेत्रों में इसके प्रसार का वर्षा की मात्रा से गहरा संबंध होता है। डेंगू बुखार के बनिस्बत यह शहरों की अपेक्षा गांवों में ज्यादा फैलता है। उदाहरण के लिए वियतनाम, लाओस और कंबोडिया के नगर मलेरिया मुक्त हैं, जबकि इन देशों के गांव मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं। यहां ध्यान देना होगा कि मलेरिया सामाजिक-आर्थिक जीवन पर बुरी तरह प्रभाव डाल रहा है। यह गरीबी और आथिक विकास में अवरोध का कारण बनता जा रहा है। यह पाया गया है कि जिन क्षेत्रों में मलेरिया का ज्यादा प्रभाव है, वहां यह नकारात्मक आर्थिक प्रभाव डाल रहा है। यदि प्रति व्यक्ति जीडीपी की तुलना यदि 1995 के आधार पर करें तो मलेरिया मुक्त क्षेत्रों और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इसमें पांच गुना अंतर नजर आता है। शोध में यह पाया गया कि जिन देशों में मलेरिया फैलता है उनके जीडीपी में 1965 से 1990 के मध्य केवल प्रतिवर्ष 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मलेरिया से मुक्त देशों में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत पाई गई। मलेरिया के कारण केवल अफ्रीका में ही प्रतिवर्ष 15 अरब अमेरिकन डॉलर का नुकसान हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वात्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी नृजातीय जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती है। यहां के लोग गरीब तो हैं ही साथ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अकाल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
## दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, बना दिया है, जबकि वास्तविक सुख अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है। वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे



संकलित
## प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधु महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूं। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूं। साधु ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूं तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हां रोटी दूंगी, पर क्या है न कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूंगी तो वो आगे चले जाएंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं न? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िए। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### लोक लुभावने नारों में नहीं आएगी जनता

कांग्रेस और मोदी सरकार के विरोधी दूसरे राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्र पेश किए हैं। उन्हें जनहित और देशहित कम, मोदी सरकार की नीतियों का विरोधी ज्यादा बताया जा रहा है। यह बिल्कुल माना जा सकता है कि मोदी के विरोधी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र में मोदी सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है और अगर ये सत्ता में आते हैं तो मोदी सरकार की लगभग सभी योजनाओं और नीतियों में बदलाव करेंगे, लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। प्रायः सभी दल पिछली सरकार की योजनाओं और नीतियों को बंद करते है या फिर उनमें थोड़ा-बहुत बदलाव कर उन पर अपना लेवल चिपकाने की कोशिश करते हैं।

*- सतीश रावत, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### शिखर सम्मेलन पर चर्चा



राजदूत उमर हिलाले मोरक्को संयुक्त राष्ट्र, और फिलिप क्रिडेल्का, बेल्जियम के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूएन के सह-सुविधाकर्ता के रूप में 2025 में विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन पर उनके कार्य पर चर्चा करके खुशी हुई।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### कर कटौती खत्म होगी



डोनाल्ड ट्रम्प को अपनी 2 ट्रिलियन डॉलर की कर कटौती पर बहुत गर्व था, जिससे सबसे बड़े निगमों को भारी लाभ हुआ और संघीय ऋण में वृद्धि हुई। वह कर कटौती समाप्त होने वाली है। अगर मैं दोबारा चुना जाता हूं, तो यह समाप्त हो जाएगा।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### केक काटकर अच्छा लगा



मेरे जन्मदिन सप्ताह की शुरुआत करने का यह कैसा तरीका है! मुझे फुटबॉल खेलने, कहानियाँ साझा करने और इन लड़कियों के साथ केक काटने में बहुत मजा आया, जिन्हें सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। वे मुझे शुभकामनाएं देने वाले पहले व्यक्ति थे।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### जिंदगी बदली जा सकती थी



नरेंद्र मोदी ने अपने अरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है। इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को 1 लाख रुपए साल की नौकरी मिल सकती थी। 16 करोड़ महिलाओं को 1 लाख रु. साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर

# सीनेट में टिकटॉक पर जरूरी विधेयक पारित


अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार को एक विधेयक पारित किया गया जो प्रतिबंध लगाने की धमकी के साथ टिकटॉक की बिक्री के लिए इसका स्वामित्व रखने वाली चीनी कंपनी को मजबूर कर देगा। इस विधेयक को हस्ताक्षर के लिए अब राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा जाएगा। इस विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद एक बयान जारी करके बाइडन ने कहा कि वह इस पर बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी सांसदों के इस विवादास्पद कदम को जहां कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं इससे सामग्री का सृजन करने (कंटेंट क्रिएटर) वाले उन लोगों के परेशानियां पैदा होने की आशंका है जो आमदनी के लिए इस 'शॉर्ट-फॉर्म' वीडियो ऐप पर निर्भर हैं। टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली।




## ऑफ बीट

# दुबई की बेतहाशा बारिश क्लाउड सीडिंग नहीं

जिस परियोजना का मैं हिस्सा था, उसे रेन (नेल्सप्रूट में रेन ऑग्मेंटेशन) नाम दिया गया था, वह एक क्लाउड सीडिंग प्रयोग था जो कई वर्षों से चल रहा था। क्लाउड सीडिंग में छोटे कणों को बादल में जोड़ा जाता है ताकि नमी को कुछ आधार मिल सके और बूंदें बन सकें। धीरे-धीरे वे बूंदें आपस में जुड़ जाती हैं और इतनी भारी हो जाती हैं कि बारिश के रूप में गिर सकती हैं। सिद्धांत रूप में, ''बीजयुक्त'' बादलों में बारिश के लिए उपयुक्त अधिक बूंदें उगेंगी। कोई भी उड़ान बीजारोपण के प्रभावी होने का प्रमाण नहीं है। ऐसा कोई समान बादल नहीं है जिसके साथ किसी विशेष बादल को बोने के परिणाम की तुलना की जा सके। इसलिए बहुत सारे मिशनों को उड़ाना और उनमें से आधे बीज के लिए नहीं, मापने के लिए होते हैं, मापना आवश्यक है, जिससे स्वयं प्रयोग (बीज वाले बादल) और नियंत्रण (बिना बीज वाले बादल) के लिए एक डेटा सेट तैयार हो सके। रेन के परिणामों के सांख्यिकीय विश्लेषण में बताने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। कई वर्षों की कोशिश के बाद, कुछ तूफानों से बारिश की दरों में संशोधन सफल रहा, हालांकि यह साबित करना कभी संभव नहीं होगा कि किसी एक तूफान में बदलाव किया गया था।



**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी रेलवे फाटक के पास हुआ हादसा

# पत्नी के साथ बेटी के घर शुजालपुर से वापस लौट रहे अधेड़ की चलती ट्रेन से गिर कर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी रेलवे फाटक के पास बुधवार दोपहर दाहोद पैसेंजर ट्रेन से गिरने से 55 साल के अधेड़ की मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ ट्रेन के गेट पर खड़े थे। उसी समय उन्होंने अपना मुंह धोया और कुल्ला करने लगे। अचानक झोंका आने से चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मछली मार्केट के पास इन्द्रा नगर बैरागढ़ निवासी लखन सिंह पुत्र नारायण सिंह (55) कुछ समय पहले तक मिस्त्री का काम करते थे। इसी साल जनवरी माह में उनके छोटे बेटे ने आत्महत्या कर ली थी। तभी से लखन सिंह डिप्रेशन में थे। वह काम पर भी नहीं जा रहे थे। कुछ दिन पहले वह अपनी पत्नी के साथ बेटी के घर शुजालपुर गए थे। बुधवार दोपहर लखन सिंह व उनकी पत्नी दाहोद पैसेंजर ट्रेन से भोपाल लौट रहे थे। बैरागढ़ स्टेशन आता देख वह अपना सामान लेकर ट्रेन के गेट के पास आकर खड़े हो गए थे। पत्नी ने पुलिस को बताया कि उनके पति ट्रेन के गेट के पास खड़े होकर मुंह धोने के बाद कुल्ला करने लगे। उसी दौरान ट्रेन का झटका लगने से वे नीचे गिर गए। उन्होंने अपने बड़े बेटे को मोबाइल से सूचना दी थी। घटना की जानकारी मिलने पर यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक लिया था। गंभीर रूप से घायल लखन सिंह को सिविल अस्पताल बैरागढ़ ले जाया गया, लेकिन पूर्व में ही उनकी मौत हो चुकी थी। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी।



### करंट लगने से युवक की मौत, घर से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र के लहारपुर में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। दो दिन बाद पड़ोसियों ने घर से बदबू आई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो मृतक के हाथ पर सीलिंग फेन फंसा हुआ मिला, जबकि सीने में बिजली का तार चिपका था। मृतक के परिजन शादी में शामिल होने छिंदवाड़ा गए हुए थे। पुलिस के मुताबिक कुम्हार मोहल्ला लहारपुर निवासी महेश यादव पिता रामलाल यादव (42) डेंटिंग-पेंटिंग का काम करते थे। रिश्तेदार के घर शादी होने पर परिजन कार्यक्रम में शामिल होने छिंदवाड़ा गए थे। वह घर में अकेले थे। बुधवार दोपहर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी कि महेश यादव के बंद घर से बदबू आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दरवाजा खोलकर देखा तो महेश यादव की दो दिन पुरानी लाश पड़ी मिली। उनके कोहनी व हथेली के बीच सीलिंग फेन फंसा हुआ था, जबकि सीने पर भी बिजली का तार फंसा हुआ था। पास ही स्टूल भी पड़ा मिला है। प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि सीलिंग फेन सुधारते समय उन्हें करंट लगा और वह पंखे समेत नीचे गिर गए होंगे। पुरानी होने के कारण लाश डिकंपोज होना शुरू हो गई थी। संपर्क करने पर शाद में गए परिजन से बात हो गई थी। देर शाम तक परिजनों के औबेदुल्लागंज तक आ जाने की सूचना पुलिस को मिली थी।

अब सीए बनना छात्रा का है लक्ष्य

# 12वीं की मुस्कान ने जिला स्तर पर पाया चौथा स्थान, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अनंदराम टी शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल हाई स्कूल, हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हायर सेकंडरी में जिला स्तर पर वाणिज्य संकाय की कुमारी मुस्कान आवतानी पिता सुरेश कुमार आवतानी ने 96 प्रतिशत लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मैं सीए बनना चाहती हूं। इस अवसर पर नवयुवक सभा के उपाध्यक्ष महेश दयारामानी ने विद्यालय आकर मुस्कान को बधाई दी।

### इन विद्यार्थियों ने विद्यालय में मारी बाजी



विद्यालय स्तर पर हाई स्कूल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर हर्षिता मालवीय, खुशी गोस्वामी, नाजिया कुरेशी, मनताशा खान रहे। हायर सेकंडरी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर वाणिज्य संकाय में मुस्कान अवतानी, शगुन माली, सोनी खरवार और विज्ञान संकाय में नंदनी जैन, दिशा वाधवानी, शशि अहिरवार, कला संकाय में खुशी यादव ने प्रथम स्थान पाया। सभी सफल विद्यार्थियों को सिद्ध भाऊ व नवयुवक सभा के अध्यक्ष शिक्षाविद विष्णु गेहानी, महेश दयारामानी, राजेश हिंगोरनी, सुरेश राजपाल एवं प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों, प्राचार्या ज्योति चौहान ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप




### रैली निकालकर दिया मतदान करने का संदेश

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में लोकतंत्र के पर्व लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका द्वारा जागरुकता रैली निकालकर मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका के मयुर गेडांम ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता सहज रूप से ईवीएम से मतदान कर सकें। इसके लिए ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए मतदान करने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

### अभियान चलाकर मतदान के लिए किया जागरूक



**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को वोट डालने के लिए नगर परिषद ने अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। मंगलवार को को स्वीप प्लान के अंतर्गत वार्ड 2, 4, 5, 13, 14, 15 और मैन मार्केट औबेदुल्लागंज में रात को हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष में चल रहे चल समारोह में सम्मिलित होकर लोगों को बैनर-पोस्टर के माध्यम से सभी को 7 मई को होने वाले मतदान में उपस्थित होकर वोट डालने को कहा। इस दौरान बीएलओ राजकुमार शर्मा, प्रमोद कुमार पांडेय, कन्हैया धुर्वे, विनोद यादव, प्रमोद तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विवाह सम्मेलन स्थल का किया अवलोकन



**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ नागर समाज के 37वां सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल का अवलोकन कर तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान देपालपुर विधायक मनोज पटेल, डॉ. भूपेंद्र नागर, अध्यक्ष सुभाष नागर, समाज के अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, अशोक पटेल, डॉ. राजेंद्र नागर, तेज सिंह नागर, परेश नागर, नरेंद्र नागर, शिक्षक कैलाश डब्बू नागर, राजू पटेल नागर आदि उपस्थित थे।

### घर के सामने खड़ी ई-रिक्शे की चार बैट्री चोरी

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित कोटरा सुल्तानाबाद में घर के पास खड़े ई-रिक्शे से चार बैट्री समेत चार्जर चुराकर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत 65 हजार रुपए है। पुलिस के अनुसार हरिशंकर विश्वकर्मा (54) कोटरा सुल्तानाबाद कमला नगर में रहते हैं और ई-रिक्शा चलाते हैं। बीती 21 अप्रैल की रात करीब आठ बजे उन्होंने अपना ई-रिक्शा पोस्ट आफिस वाली गली में खड़ा किया और घर चले गए थे।

विभिन्न थानों की पुलिस बदमाशों की पड़ताल में जुटी

# शहर में चोरों का धावा, नगदी समेत लाखों का माल उड़ाया

▶▶ अधिवक्ता के घर में घुसी नकाबपोश महिला, अस्सी हजार रुपए चुराकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित शोभाराम की बावड़ी में रहने वाले अधिवक्ता के घर दिनदहाड़े घुसी नकाबपोश महिला ने अलमारी में रखे 80 हजार रुपए चुरा लिए। घटना की जानकारी माता-पिता से मिलने के बाद अधिवक्ता थाने पहुंचे और चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही है।

पुलिस के अनुसार खालिद अली (26) शोभाराम की बावड़ी, हरिजनबस्ती टीला जमालपुरा में रहते हैं और वकालत करते हैं। मंगलवार सुबह वह अपने काम से कोर्ट चले गए थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पिता जाकिर अली ने उन्हें फोन करके बताया कि घर में चोरी हो गई है। खालिद घर पहुंचे तो पता चला कि पौने तीन बजे के आसपास उनके घर का दरवाजा खुला था, जबकि माता-पिता सो रहे थे। इसी बीच एक नकाबपोश महिला पहुंची और उनकी भांजी को बताया कि उसकी गेंद घर के अंदर चली गई है। भांजी ने बोला कि वह नानी को जगा देती है, तो महिला बोली उन्हें मत जगाओ, वह खुद ही अपनी गेंद उठा लेगी। उसके बाद महिला खुले मकान में घुसकर दूसरी मंजिल पर पहुंची और अलमारी में रखे 80 हजार रुपए चोरी कर बाहर निकल गई। पुलिस ने खालिद की रिपोर्ट पर अज्ञात महिला चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### एम्स के डॉक्टर के सूने मकान में चोरी



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गायत्री परिसर अमराई में एम्स के त्वचा रोग विशेषज्ञ के सूने मकान से अज्ञात बदमाश ने धावा बोला। बदमाशों ने वारदात खिड़की की ग्रिल काटकर की थी। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गायत्री परिसर, अमराई निवासी डॉ. विकास चौधरी पिता ओमप्रकाश चौधरी (24) एम्स में त्वचा रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे राजस्थान अपने पैतृक गांव गए हुए थे। वहां से 24 अप्रैल को घर लौटे तो मुख्य गेट पर लगा था। अंदर पहुंचे तो अलमारी का लॉक टूटा था। बदमाश अलमारी में रखा आईफोन, 7 हजार रुपए नगद, समेत अन्य सामान चुराकर ले जा चुके थे।

### घर का ताला तोड़कर हजारों किए पार

अरेरा हिल्स थानांतर्गत भीमनगर झुग्गीबस्ती में रहने वाले प्रकाश द्विवेदी के घर का ताला तोड़कर चोर टीवी, चांदी की पायल, गैस टंकी और दो हजार रुपए नगदी समेत करीब बीस हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### कार का कांच तोड़कर नगदी से भरा बैग ले भागे बदमाश

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज में मंगलवार तड़के बाइक सवार दो बदमाशों ने पत्थर मारकर डॉक्टर की कार का कांच तोड़ दिया। कांच तोड़ने के बाद बदमाश अंदर रखा बैग चुराकर ले गए हैं। बैग में दस हजार रुपए की नगदी और दस्तावेज थे। पूरी वारदात घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर चोरी और तोड़फोड़ का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दानिश कुंज कोलार रोड निवासी डॉ. शुभम शर्मा एक निजी अस्पताल में नौकरी करते हैं। सोमवार की रात उन्होंने अपनी कार घर के सामने खड़ी की थी। मंगलवार सुबह देखा तो कार का कांच टूटा मिला और अंदर रखा एक बैग नहीं था। बैग में रुपए और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। डॉ. शर्मा ने जब इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो सुबह करीब 4.50 बजे बाइक सवार दो युवक उनकी कार के पास पहुंचते हुए दिखाई दिए। बदमाशों ने बाइक रोककर पत्थर से कार का कांच तोड़ा और भीतर रखा बैग निकालकर भाग निकले। कांच तोड़ते समय कॉलोनी के चौकीदार को आवाज आई तो उसने बदमाशों को ललकारते हुए उनकी तरफ दौड़ लगाई, लेकिन उसके पहले ही बदमाश मौके से भाग निकले।

महिला का अश्लील वीडियो वायरल

# शादी तोड़ने की बात पर पति, सास और देवर पर दर्ज कराया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र में युवती के पति, सास और देवर द्वारा उसका वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 19 साल की युवती की शादी करीब दो साल पहले एक युवक से तय हुई थी। शादी तय होने के बाद युवक और युवती आपस में बातचीत करने लगे। इस दौरान युवक ने बहला-फुसलाकर उसके अश्लील वीडियो बनाकर अपने मोबाइल में सेव कर लिए। कुछ समय बाद जब युवती को पता चला कि युवक कई प्रकार की गलत आदतों का शिकार है तो उसने अपने घरवालों से बोलकर यह रिश्ता तुड़वा दिया। उसके बाद युवती की पहचान दूसरे युवक से हुई और दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे। दोनों के घरवालों को जब इसका पता चला तो एक महीने पहले परिजनों ने उनकी शादी करवा दी। शादी के बाद युवती अपने घर आकर रहने लगी।

### शादी नहीं होने से नाराज था युवक

इधर, शादी नहीं होने से नाराज पहले वाले युवक ने युवती के पति को मोबाइल में सेव करके रखा अश्लील वीडियो भेज दिया। पति ने यह वीडियो अपनी मां को दिखाया, जिन्होंने वीडियो युवती के परिजनों को सेंड कर दिया और शादी तोड़ने की बात कहने लगे। इससे परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर शिकायत कर दी। पुलिस ने युवती के पति, सास और पहले वाले युवक के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### नेपाल के अधिकारियों का इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय का भ्रमण

**भोपाल।** गृह मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सशस्त्र सीमा बल अकादमी गांधीनगर भोपाल में नेपाल के मार्गदर्शन में नेपाल के आर्मड पुलिस फोर्स कमांड एंड स्टाफ कॉलेज काठमांडू के अधिकारियों द्वारा भारत के सांस्कृतिक विविधता से रूबरू होने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का भ्रमण किया। संग्रहालय के वरिष्ठ मानव वैज्ञानिकों द्वारा उन्हें वीथि संकुल अंतरंग प्रदर्शनी भवन सभी दीर्घाओं का भ्रमण कराकर मार्गदर्शन दिया गया।



### पटवा और पूर्व महापौर सुरजीत ने किया जनसंपर्क

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा एवं भोपाल के पूर्व महापौर सुरजीत चौहान ने तामोट में जनसंपर्क किया। इस दौरान जनपद सदस्यों की जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, रामपाल सिंह, मानसिंह, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, रामकिशोर चौहान, अंकित परसाई, बाबूलाल, पूर्व जनपद सदस्य कमलेश चौहान आदि ने पटवा के साथ चर्चा की।

# मैं तो निमित्त मात्र हूं, आप की सेवा करने आया हूं: प्रतापभानु

## कांग्रेस ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



आज देश में एक पार्टी द्वारा स्वयं की विचारधारा को चला रही है, जिसमें कार्यकर्ताओं का कोई स्थान नहीं है, बस दो लोगों की पार्टी बनकर रह गई, जिससे देश पीछे जा रहा है। आज कांग्रेस पार्टी ने मुझे फिर से आपकी सेवा का अवसर दिया है, इसलिए मैं आपके बीच आया हूं। मैं तो आपके बीच एक निमित्त मात्र हूं, जो आपकी सेवा करने आपके बीच आया हूं। उपरोक्त बात कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रतापभानू शर्मा ने बुधवार को मंडीदीप में लोकसभा चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश का नाम दुनिया में आगे किया है। जनता के लिए लाभकारी योजनाए लागू की, जिससे देश में आगे बढ़ा। लोकसभा प्रभारी राजकुमार पटेल ने कहा कि आज कांग्रेस संगठन कार्य कर रहा है, वह पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीना ने कहा कि कांग्रेस ने नारा दिया था कि वक्त है बदलाव का और जनता के साथ मिलकर भाजपा से बदला लेने के लिए तैयार हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु ने औबेदुल्लागंज में किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

▶▶ हम धर्म करते हैं पर दिखावा नहीं करते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



विदिशा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने भोजपुर विधानसभा के औबेदुल्लागंज नगर में कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम हनुमान जी और माता के भक्त हम सब भी हैं। मगर हम धर्म करते हैं पर दिखावा नहीं करते। विदिशा भोजपुर क्षेत्र में विकास ठप है, औबेदुल्लागंज का ओवर ब्रिज बना वह जर्जर और गुणवत्ता हीन है। शर्मा ने कहा परेश नागर समय-समय पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते आ रहे हैं।

जिला युवा के अध्यक्ष परेश नागर ने कहा कि भाजपा की कथनी करनी में अंतर है। भोजपुरी में किसान परेशान हैं, कमीशनबाजी और भ्रष्टाचार चरम पर है। इस अवसर विनोद इरपाचे, संजय सिंह चौहान, वंदना मालवीय, पवित्र कौर, सुरजीत सिंह बिल्ले, राजेश खटीक, सुनील गुप्ता, राजेंद्र नागर, आगा खान, संजय लोधी, मंडीदीप ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश मीणा, पंकज नागरानी, मनोज खटीक, राजाराम यादव, उत्तम यादव, महेंद्र धाकड़, कमलेश लोधी, अमर पेठारी, हरजीत सिंह मंगू, राजाराम, तुलसी सिलावट, राजू मेहरा सहित कांग्रेस

# हनुमान जन्मोत्सव पर शीतलकुंड हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा, हजारों लोग पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में हनुमान जंयती के पावन अवसर पर कई धार्मिक आयोजन किए गए। जगह-जगह अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ और हवन पूजन दिनभर होते रहे। वहीं वार्ड 24 स्थित शीतलकुंड हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए समिति के प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि हनुमान मदिंर परिसर में विशाल भंडारें का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद का ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवी जगदीश सोनी, विनोद जैन, पियुष सोनी, कृष्णगोपाल यादव, बहादुर पाल, दीलिप पाल, अशोक मीना, राजू निरपूरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर नगर को भगवा रंग से सजाया, रंग-बिरंगी लाइटिंग की

# हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर निकाली भगवा शोभायात्रा, मनमोहक झांकी ने लोगों को लुभाया, जगह-जगह हुए धार्मिक आयोजन और भंडारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के श्री राम मंदिर एवं सीताराम चौराहे पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। महाराष्ट्र से आई जगदंबा कत्थक ने बहुत ही मनमोहक और शानदार प्रदर्शन किया। बजरंग मंडल के द्वारा आयोजन का संचालन, रंग बिरंगी लेजर शो के माध्यम से अद्भुत रंगीन लाइट, अघोरी डांस आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान नगर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर शोभायात्रा में हिस्सा लिया। नगर को भगवा रंग से सजा कर ऐतिहासिक रूप दिया। नगर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर और श्री राम मंदिर में सुबह से ही सुंदरकांड, पूजन, आरती, हनुमान चालीसा और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### जयघोषों से गूंजा सारा नगर, झूमते रहे श्रद्धालु



नगर में प्रति वर्ष अनुसार इस बार भी भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली इस दौरान महावीर की जय, श्री राम के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों ने प्रसाद वितरण के लिए जगह-जगह स्टॉल लगाकर भक्तों को पानी, फल एवं प्रसाद का वितरण किया। भगवा शोभायात्रा राम मंदिर से शुरू हाकर मुख्य चौराहे, बस स्टैंड, सीताराम चौराहे आदि स्थानों से गुजरी। वहीं नगर के सभी मंदिर को भगवामय रंगा गया, पूरे मंदिर को रंगीन लाइट से सजाया गया है। श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी में नगर के युवा भक्तगण लगभग 15 दिनों से जुटे थे। इस अवसर पर श्री भगवान श्री राम और हनुमान जी की आरती की। विधायक सुरेंद्र पटवा ने विशाल हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा की।








## सरगुजा में पीएम मोदी ने कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों पर घेरा

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी... जिंदगी के बाद भी, वह आतंकियों के मरने पर आंसू बहाने वाली पार्टी, उसका देशवासियों से सरोकार नहीं

एजेंसी ▶▶ सरगुजा

पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वहमाता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूटजिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।

पीएम ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर टैक्स का बोझ लाद देगी। कांग्रेस को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। ये और आगे बढ़ गए हैं।


पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वह विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए।

**राहुल गांधी के बयान पर साधा निशाना**

पीएम ने छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में बड़ा आरोप लगाया

कांग्रेस ने की मिडिल क्लास पर ज्यादा टैक्स लगाने की वकालत

### चुनावी सभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री समेत कई जनप्रतिनिधि भी रहे शामिल



**कांग्रेस ने जनता का भरोसा खोया**

पीएम मोदी इस दौरान कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं।पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था, तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। कांग्रेस की टोली ने उस समय मुझ पर हमला बोल दिया था, बात का बवंडर बना दिया था। लेकिन मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र के नाम संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को प्रदेश से साफ कर दिया।

#### कांग्रेस को संविधान की भी परवाह नहीं

उन्होंने कहा कि जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोटबैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब आंबेडकर के शब्दों की परवाह की।

**वायनाड में बोलीं प्रियंका**

### भाजपा जनसमस्याओं पर बात नहीं करती



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने वायनाड में कहा कि पीएम मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयान से यह स्पष्ट है कि वह जनता की समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं। रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने पीएम और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है।

**राहुल का बड़ा बयान**

### जाति जनगणना को कोई नहीं रोक सकता



**नई दिल्ली।** बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे जाति जनगणना के 'एक्स-रे' से डरे हुए हैं और कहा कि कोई भी ताकत इसे नहीं रोक सकती। राहुल ने कहा कि 90 फीसदी आबादी के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनके जीवन का मिशन है।

**आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले**

### कांग्रेस में एक को छोड़ सभी लोग 'बेताल'



**नई दिल्ली।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस अपने वसूलों से भटक गई है। कांग्रेस में अब वे लोग हैं जो भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगा रहे हैं। वे सनातम धर्म पर प्रहार कर रहे हैं। मैंने कहा था कि राम मंदिर निमंत्रण पत्र मत ठुकराइए। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। इशारों में कहा कि एक को छोड़कर वहां सभी लोग बेताल हैं।

### अखिलेश कन्नौज सीट से आज दाखिल करेंगे नामांकन



**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार को दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। हालांकि यह आधिकारिक नहीं है।

**लद्दाख के सांसद नामग्याल बोले**

**इतना काम किया, फिर भी मेरा टिकट कटा**



मेरे अपने इलाके में जितना विकास का काम हुआ वह आप आकर देख सकते हैं। इसके बावजूद मेरा टिकट काट दिया गया।

**भागलपुर में भाजपाध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस को लिया निशाने पर**

## कांग्रेस ने घोटालों के अलावा कभी कुछ नहीं किया



### विपक्षियों ने केवल अपनी झोली भरी

जेपी नड्डा खगड़िया के गोगरी जमालपुर में जनसभा के दौरान कांग्रेस के समय के घोटालों की याद दिलाई। अखिलेश यादव की सरकार ने लैपटॉप घोटाला किया था। गोमती रिवर फ्रंट का घोटाला किया था। अनाज का घोटाला किया। घमंडिया गठबंधन के लालू यादव ने चारा घोटाला किया था या नहीं? जमीन के बदले नौकरी घोटाला किया था या नहीं किया? अलकतरा घोटाला किया था या नहीं? आप बताइए ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने टीचर भर्ती घोटाला किया या नहीं? बालू घोटाला किया कि नहीं? किया गाय की तस्करी की या नहीं की? कांग्रेस ने कोयला घोटाला किया था या नहीं?

**शराब, चारा गोबर सब 'खा' गए**

नड्डा ने पूछा कि डीएमके के नेताओं ने शराब घोटाला किया था कि नहीं? केसीआर की बेटी ने शराब घोटाला किया।अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला किया। उन्होंने कहा कि यह सारा घमंडिया एलाइंस के नेता हैं, भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ऐसे लोगों को बाहर करने की जरूरत है।

**विरासत टैक्स वाले बयान पर भड़के शाह**

## कांग्रेस हुई बेनकाब, जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश!



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के 'विरासत टैक्स' वाले बयान के बाद राजनीतिक घमासान मच गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट होने की बात कहते हुए कहा कि सैम के बयानों से कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब हो गई है। कांग्रेस के मेनिफेस्टो बनाने में सैम पित्रोदा की अहम भूमिका है। शाह ने कहा, जब मोदीजी ने ये मुद्दा उठाया तो पूरी कांग्रेस, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी बैकफुट पर आ गए। सैम के बयान को देश की जनता गंभीरता से ले। आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है।

**कांग्रेस की मानसिकता सामने आई**

शाह ने कहा कि आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद साफ हो गया है। ये लोग देश के लोगों की निजी संपत्ति का सर्वेक्षण करना चाहते हैं। कांग्रेस का मकसद इसे सरकारी संपत्ति में रखकर यूपीए के शासनकाल के दौरान फैसले के मुताबिक बांटना है।

**वन नेशन-वन इलेक्शन पर बोले सिंह**

### इससे खर्च बचेगा और बार-बार विकास कार्य नहीं रुकेंगे

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को एक



देश-एक चुनाव पर सरकार के प्लान का खुलासा किया। आंध्र प्रदेश में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि देश में संसद और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने चाहिए, इससे खर्चों पर रोक लगेगी।सिंह ने कहा, पीएम का विचार है कि देश में बार-बार चुनाव होते हैं और जनता चुनाव में समान रूप से लगी रहती है। इससे बार-बार खर्च होता है। आचार संहिता लागू होती है और विकास कार्य भी रुक जाता है। हम संसाधनों को बचा पाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### ठिरशू मेले में मांगी अच्छी फसल की मन्नत

**शिमला।** देवभूमि हिमाचल में जैसे ही बसंत आगमन होता है नए फसलों की बिजाई शुरू होती है,



ऐसे में देवी देवताओं को खुश करने के लिए गांव-गांव में ठिरशू मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में स्थानीय लोक संस्कृति की खूब झलक देखने को मिली। पहले मेलों का आयोजन मिलने-जुलने के लिए होता था। बताया जा रहा है कि पौराणिक संस्कृति को दिखाने मेलों का बड़ा महत्व है।

### हाथरस के भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का निधन

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश की हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से



निधन हो गया है। अलीगढ़ के एक अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। वो लगातार पार्टी के लिए काम कर रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही वो अलीगढ़ में हुई पीएम मोदी की सभा में भी दिखे थे। सांसद की अचानक मौत से पार्टी के सभी नेता स्तब्ध हैं।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बुधवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी है। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ाई थी। सीबीआई को निर्देश दिया कि सबूत दिखाने एक टेबल बनाएं।

**कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षित कोटे में 'धर्म आधारित आरक्षण' दिया**

# मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी बनाने पर बवाल... एनसीबीसी ने किया सवाल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप है कि उसने मुस्लिम समाज को पिछड़ों के लिए आरक्षित कोटे में धर्म के आधार पर जगह दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को भी उठाया।

पीएम ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक और पाप किया है। मुस्लिम समुदाय में जितनी भी जातियां हैं, सबको उन्होंने ओबीसी कोटे में डाल ओबीसी बना दिया। ओबीसी समाज को लाभ मिलता था उसका बड़ा हिस्सा कट गया। इस मुद्दे पर सियासी पारा बढ़ गया है। कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग को कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण कोटे में अनियमितता की जानकारी मिली थी। उसके बाद आयोग ने पिछले 6 महीने में इसकी जांच शुरू की। इस दरमियान सरकारी नौकरी, मेडिकल, इंजीनियरिंग एडमिशन और तमाम सरकारी पदों पर सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिए जाने की बात सामने आई।

### राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की जांच में सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिया

**कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने**

पीएम ने भी रैली में इस पर चर्चा की और खरी खोटी सुनाई


#### उन्हें भी लाभ दिया जो दायरे में नहीं आते



गत वर्ष राज्य के सरकारी पीजी मेडिकल के 930 सीटों में दिए गए आरक्षण की जब जांच की तो उसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आयोग ने पाया कि 930 में से 150 सीट मुस्लिम वर्ग को आरक्षित किया गया है जो करीब कुल सीट का 16 प्रतिशत है। खास बात ये है कि इनमें मुस्लिम वर्ग के उन जातियों को भी लाभ दिया गया है जो आरक्षण के दायरे में नहीं आते। अब राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग इस मुद्दे को उठाकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

**आयोग के अध्यक्ष हंसराज बोले**

**कोटा में की गड़बड़ी, आम ओबीसी का हक मारा**



ओबीसी कमीशन के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मेडिकल पीजी की 930 सीटों में से मुस्लिम वर्ग को 150 सीटों पर आरक्षण दे दिया गया है, जो करीब 16फीसदी है। इसमें लगता है कि ओबीसी वर्ग के आरक्षण कोटा में इस तरह से गड़बड़ी की गई है और आम ओबीसी का हक मारा गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कैटेगरी 1बी और बी2 में 34 मुस्लिम ओबीसी जातियां आती हैं।

#### सभी को पिछड़े वर्ग में शामिल कर लिया

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी आईआईबी के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

#### सामाजिक न्याय का सिद्धांत नहीं माना

पिछड़ी जाति के रूप में मुसलमानों का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है। सामाजिक , शैक्षणिक रूप से पिछड़े के रूप में पहचानी जाने वाली हाशिए पर आ गईं।

**हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी**

## 24 हजार शिक्षकों की नौकरी बचाने ममता पहुंची सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला केस में बड़ी खबर सामने आई है। 24 हजार शिक्षकों की नौकरी बचाने के लिए बंगाल की ममता सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है और कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। टीएमसी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है।

ममता सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि हाईकोर्ट के फैसले से स्कूलों में एक बड़ा शून्य पैदा हो जाएगा। ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 2016 में की गई शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की लगभग 24,000 नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले को चुनौती है।

**उच्च न्यायालय के फैसले को बताया 'एकतरफा'**

शीर्ष अदालत में राज्य सरकार ने आरोप लगाया है कि हाईकोर्ट ने मौखिक दलीले के आधार पर साथ ही रिकॉर्ड पर किसी भी हलफनामे के अभाव में मनमाने ढंग से नियुक्तियां रद्द कर दी। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की है। सरकार ने कहा है कि यह फैसला तथ्य की 'पूरी तरह से उपेक्षा' करते हुए दिया गया।

**वेतन वापसी का दिया था आदेश**

हाईकोर्ट ने बंगाल में राज्य सरकार द्वारा संचालित और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करते हुए सोमवार को इसे 'अमान्य' करार दिया था। हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती को अवैध ठहराते हुए 24,000 उम्मीदवारों को अवैध भर्ती के बाद प्राप्त वेतन वापस करने का आदेश दिया था।

**जनहित याचिका पर सीजेआई हुए नाराज**

## 5 की जगह 3 साल के एलएलबी कोर्स की तलाश पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा 5 साल के एलएलबी पाठ्यक्रम की जगह 3 साल के पाठ्यक्रम संचालन की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि 5 वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम सही चल रहा है और इसमें छेड़छाड़ करने की कोई जरूरत नहीं है।



वकील एवं याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है। सीजेआई ने दलीलों से असहमति जताई और कहा कि इस बार 70 प्रतिशत महिलाएं जिला न्यायपालिका में आईं और अब अधिक लड़कियां कानून के क्षेत्र में आ रही हैं।

**ऋषिकेश में एम्स के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति**

# आरोग्य भूमि के रूप में होगा देवभूमि उत्तराखंड का 'नाम'

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

उत्तराखंड के ऋषिकेश में एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद सहित भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं।

एम्स में एलोपैथी के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति से भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे में व्यापक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति 'आरोग्य भूमि' के रूप में भी स्थापित होगी। चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा।

### 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा




**विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान**

भारत में डायबिटीज से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। डायबिटीज के इलाज के रूप में सेमाग्लूटाइड आजकल चर्चा में है। ग्लोबल मेडिसिन युग में भी चिकित्सा से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना और उनका समाधान करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने एम्स ऋषिकेश को पब्लिक हेल्थ और कम्युनिटी इंगेजमेंट पर अधिक से अधिक ध्यान देने का सुझाव दिया।

**भारत में पहली बार कार टी-सेल थैरेपी**

आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स ऋषिकेश कार टी-सेल थेरेपी और स्टेम सेल रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है। भारत में पहली बार इस तरह की थेरेपी विकसित की गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह थेरेपी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम खर्च पर उपलब्ध कराई जा रही है।

#### अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की बड़ी पहचान

राष्ट्रपति ने कम समय में ही प्रचुर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए अतीत और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक की अपनी विकास यात्रा से एम्स ऋषिकेश ने अच्छी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि एम्स का मतलब होता है सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना। सबसे अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें।



**डीआरडीओ ने तैयार की जैकेट**

# जवान पहनेंगे सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले जवानों के लिए डीआरडीओ ने बड़ी सफलता पाई है। डीआरडीओ ने देश में सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह जैकेट बीआईएस गोला-बारूद के छठवें स्तर के उच्चतम खतरे से सुरक्षा प्रदान करता है।

## गोली के 6 शॉट का भी नहीं होता कोई असर

जैकेट का निर्माण डीआरडीओ के रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, कानपुर द्वारा किया गया है। यह बुलेटप्रूफ जैकेट 7.62 X 54 आर एपीआई गोला बारूद के खिलाफ सुरक्षा मुहैया कराने में सक्षम है। डीआरडीओ की टेस्टिंग में पाया गया है कि इस जैकेट पर एक के बाद एक 6 शॉट का कोई असर नहीं होता है। खास बात ये है कि नए बुलेट प्रूफ जैकेट काफी हल्के हैं और इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे पहनने में भी सुरक्षा बलों के जवानों को आसानी रहेगी।






**बुलेट प्रूफ जैकेट किसने तैयार किया**

कुछ समय पहले ही इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ के चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नवीन सामग्री और प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### नेपाल ने कतर से किए 8 समझौतों पर हस्ताक्षर



**काठमांडू।** नेपाल के दौरे पर कतर के अमीर शेख तामिम बिन हमाद अल थानी और पीएम पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के बीच 8 समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। दो दिनों के भ्रमण के दौरान कतर के अमीर बुधवार को स्वदेश लौट चुके हैं। इससे पहले मंगलवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात की, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय हितों और राजनयिक संबंधों से संबंधित मामलों पर चर्चा की थी।

### आईसीडीआरआई आपदा प्रबंधन का बना वैश्विक मंच

**नई दिल्ली** स्थित भारत मंडपम में बुधवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेसिलिएंट डिजास्टर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी. के मिश्रा ने कहा कि पिछले दशक में हमने जो निवेश किया है, उससे लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने तीन बड़े रिकमंडेशन की बात रखी। ग्लोबल साउथ की आवाज बनना सीडीआरआई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



**नहीं जा सकते कोर्ट...संसद में बताया सिंधु जल संधि का सच**

# पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीम ने माना... 'रावी पर भारत का है अधिकार'

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

*पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है कि वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए।*

सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की जनता को देश के नेताओं ने हमेशा से गुमराह किया है, लेकिन ये पहली बार है, जब देश के कानून मंत्री ने देश की जनता को संसद से सच बताने की हिम्मत की है। पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि रावी नदी पर भारत का अधिकार है और हम उसके खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट नहीं जा सकते।

पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है, कि वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए।

**खास बातें**

- पीटीआई सांसद बोलीं- कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया, जो खेदजनक
- मंत्री बोले- वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न जाए








### भारत ने पाक को जाने वाला रावी नदी का पानी रोका

भारत ने शाहपुर कंडी बैराज के पूरा होने के साथ रावी नदी से पाकिस्तान की ओर पानी का प्रवाह रोक दिया है। शाहपुर कंडी बैराज पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर स्थित है। शाहपुर कंडी बैराज से भारतीय जम्मू और कश्मीर क्षेत्र को अब 1,150 क्यूसेक पानी से लाभ होगा, जो पहले पाक को आवंटित किया था। पानी से कठुआ और सांबा जिलों की 32,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी।

### जल संधि पर हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते: मंत्री

दरअसल, मंगलवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में सिंधु जल संधि को लेकर सवाल पूछा गया था कि रावी नदी पर भारत की आक्रामकता को लेकर पाकिस्तान सरकार क्या कर रही है? इसपर पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच एक जल संधि है। रावी नदी पर पानी का अधिकार भारत का है और हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालत का सहारा नहीं लिया जा सकता। दोनों देशों ने 1960 में सिंधु जल संधि को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत रावी, सतलज और ब्यास नदियों के पानी पर दावा करता है।

### इमरान खान की पार्टी ने साधा निशाना

कानून मंत्री के रावी नदी पर भारत के अधिकार को कबूलने के बाद संसद में इमरान खान की पार्टी ने शहबाज सरकार पर जमकर निशाना साधा। पाकिस्तानी संसद के निचले सदन में बोलते हुए नोटिस पेश करने वाली पीटीआई सांसद जरताज गुल ने कानून मंत्री तरार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया है, जो खेदजनक है। जिसपर गुल को जवाब देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि कानूनी मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।


### 'सिंधु जल संधि' पर 1960 में किए थे हस्ताक्षर

पाकिस्तान के कानून मंत्री ने कहा कि इस 'सिंधु जल संधि' पर 1960 में हस्ताक्षर किए गए थे, हालांकि, भारत इससे बाहर निकलना चाहता है, लेकिन आईसीजे ने दोनों देशों को इससे बाहर निकलने से रोक दिया है। उन्होंने यह भी कहा, कि हालांकि पाकिस्तान किशनगंगा पनबिजली परियोजना के मुद्दे पर सफल हुआ है।

**तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति**

# अरबों की डील की खुशी पर पाक को अमेरिका ने दी खुली धमकी





एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पाक दौरे में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते हुए और एक समझौता ज्ञापन साइन हुआ जिस पर अमेरिका भड़क गया है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख डिप्टी प्रवक्ता वेदांत पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान के साथ समझौते कर पाक प्रतिबंधों को न्योता दे रहा है। अमेरिका ने कहा है कि जो कोई भी ईरान के साथ व्यापारिक समझौतों पर आगे बढ़ने की सोचता है, उसे प्रतिबंधों के खतरे को लेकर भी जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में ईरान की स्थिति के कारण प्रतिबंधों से ईरान-पाक संबंध खतरे में पड़ सकते हैं। अमेरिका ने हाल ही में पाक के मिसाइल प्रोग्राम के लिए टेक्निकल सप्लाई कर रहे बेलारूस की एक कंपनी और चीन की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।

### ....तो नामोनिशान मिटा देंगे

इजराइल से जारी जंग के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजरायल को खुल कर चेतावनी दी है। इजराइल को चेतावनी देते हुए ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने कहा है कि ईरान की धरती पर किसी भी तरह के हमले से वर्तमान स्थिति में खतरनाक बदलाव आएगा। 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमला कर सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह दमिश्क वाली गलती फिर ना करे।

### सहयोग के लिए राजी हुए ईरान-पाक

पाकिस्तान और ईरान आने वाले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत हुए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते और एक समझौता ज्ञापन साइन किया। समझौते में पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य में सहयोग, नागरिक मामलों में न्यायिक सहायता और सुरक्षा मामले शामिल हैं। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए थे। इनमें चीन की तीन कंपनियां भी शामिल थीं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाए गए थे, क्योंकि ये सभी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों की प्रसारक थीं।

**अमेरिका का नया कारनामा: 30 फीट तक जाती हैं लपटें**

# 'थर्मोनेटर'... ये रोबोडॉग आपके एक इशारे पर उगलता है... आग ही आग

एजेंसी ⏭ ओहायो

अमेरिका के ओहायो में थ्रोफ्लेम कंपनी ने एक रोबोट कुत्ता बनाया है। नाम है थर्मोनेटर। ये सिर्फ भौंकता, दौड़ता या उछलता-कूदता नहीं है, बल्कि आपके एक इशारे पर यह आग भी उगलता है। यह दुनिया का पहला आग उगलने वाला रोबोडॉग है। यह 30 फीट लंबी आग की लपट फेंकता है। इसका इस्तेमाल आग को रोकने भी कर सकते हैं।



### ऐसे उगलता है आग

*आग कहां फेंकनी है, इसके लिए थर्मोनेटर में लेजर मांउट किया गया है। यानी जहां या जिसे टारगेट बनाना हो, वहां पर लेजर से डॉग को गाइड करो। इसके बाद यह लेजर की दिशा में थर्मोनेटर आग की लपट फेंकने लगता है। यह डॉग खुद ही रोशनी, रेंजिंग और लिडार सिस्टम के जरिए नेविगेट करता है। इसमें लगी लेजर आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाती।*

### इसकी खासियत

असल में थ्रोफ्लेम कंपनी अमेरिका की सबसे पुरानी फ्लेम थ्रोअर कंपनी है। यानी वो कंपनी जो ऐसे यंत्र बनाती है, जो जरूरत के मुताबिक आग फेंकने में सक्षम होते हैं। यह ड्रोन को संभालने की प्रसिद्ध तकनीक है।यूक्रेन में इसी तकनीक का इस्तेमाल रूसी सैनिकों, टैंकों और बख्तरबंद वाहनों पर किया गया था।

*लगातार हुए तीन विस्फोट*

# मणिपुर में फिर हिंसा: नगालैंड से जोड़ने वाला पुल उड़ाया



एजेंसी ⏭ कांगपोकपी

मणिपुर में बुधवार की रात में एक के बाद एक तीन धमाके हुए। ये धमाके मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक पुल को क्षतिग्रस्त करने के इरादे से किए गए थे। ये विस्फोट इम्फाल को नागालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर सापरमीना के पास हुए। यह घटना मतदान से दो दिन पहले हुई।

### इलाके किए सील

सुरक्षा बलों ने घटनास्थल के साथ-साथ आस-पास के इलाकों को भी सील कर दिया है और अतिरिक्त पुलों पर जांच चल रही है। इंफाल पश्चिम जिले में दो युद्धरत समुदायों के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के कुछ घंटों बाद आईईडी विस्फोट हुआ। पिछले साल मई से इम्फाल घाटी स्थित मेइतीस और निकटवर्ती पहाड़ी स्थित कुकिस के बीच जातीय हिंसा हुई थी।

# एक साथ 10 टारगेट उड़ाएगा ये 'असली ब्रह्मास्त्र'

**हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी गिरा देगा**



*__मास्को।__ रूसी एयर डिफेंस फोर्सेस को नया हथियार मिसाइल 'एस-500 प्रोमेटे' मिल गया है। ये हथियार दुनिया की सबसे बेहतरनी रक्षा प्रणाली है। रूस इस मिसाइल की 10 बटालियन तैनात करना चाहता है। अगर रूस अपनी सीमाओं पर इसे तैनात कर देता है, तो उसपर किसी भी तरह का हवाई हमला नामुमकिन हो जाएगा। यह किसी भी तरह के हवाई हमले को खत्म कर सकता है। सिस्टम की टारगेट रेंज 600 किमी है। यह 800 किमी दूर से अपने टारगेट को पहचान सकता है। यह मिसाइल प्रणाली एक बार में 10 टारगेट को हिट कर सकती है। इसमें लगी मिसाइलें टारगेट की तरफ 25,200 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से हमला करती है।*

**'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' की 77वें कान्स में होगी स्क्रीनिंग**

# 2,263 फिल्मों में से चुनी गई भारतीय छात्र की बनाई फिल्म


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस के 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' को 'ला सिनेफ' प्रतिस्पर्धी खंड में चुना गया है। यह महोत्सव 15 से 24 मई 2024 तक आयोजित किया जाना है। यह अनुभाग महोत्सव का एक आधिकारिक पार्ट है, जिसका उद्देश्य नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों के फिल्मों को उजागर करना है। यह पहली बार है जब एक वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया है।

**महोत्सव 15 से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा**

**'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' महिला की कहानी**

**उद्देश्य: फिल्म के जरिए नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना**




**बुजुर्ग महिला ने मुर्गा चुराया...**

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' एक बुजुर्ग महिला की कहानी है, जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है। मुर्गे को वापस लाने के लिए एक भविष्यवाणी लागू की जाती है, जिसमें बूढ़ी महिला के परिवार को निर्वासन में भेज दिया जाता है। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने किया है।

### 23 मई को मिलेगा पुरस्कार

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार यह फिल्म दुनिया भर के फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गई 18 शॉर्ट्स (14 लाइव-एक्शन और 4 एनिमेटेड फिल्में) में से एक है। यह कान्स के 'ला सिनेफ' सेक्शन में चुनी गई एकमात्र भारतीय फिल्म है। जूरी 23 मई को बुनुएल थिएटर में सम्मानित फिल्मों की स्क्रीनिंग से पहले एक समारोह में ला सिनेफ पुरस्कार सौंपेगी।

**राजौरी हत्याकांड: पुलिस का बड़ा एक्शन**

# हिरासत में लिए गए 67 संदिग्ध लश्कर का भी नाम शामिल

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों द्वारा एक नागरिक की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए 67 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान कई साक्ष्य प्राप्त हुए और पुलिस ने इस कृत्य को अंजाम देने में शामिल दो आतंकवादियों में से एक की पहचान 'विदेशी आतंकवादी' के रूप में की, जिसका कोड नेम अबू हमजा है। पुलिस ने हमजा पर 10 लाख रुपए का नकद इनाम घोषित किया।



**कुंडा टॉप गांव में की गई थी हत्या:** थानामंडी क्षेत्र के कुंडा टॉप गांव में सोमवार को मोहम्मद रजाक (40) की हत्या कर दी गई। रजाक सरकार के समाज कल्याण विभाग में काम करते थे जबकि उनके भाई मोहम्मद ताहिर चौधरी प्रादेशिक सेना में एक सैनिक हैं, जो बाल-बाल बच गए।


डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## डिहाइड्रेशन से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पीते रहें पानी



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। मै फील्ड जॉब करता हूं। मैं यह जानना चाहता हूं कि इन गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए क्या तरीके अपनाने चाहिए?**

**-साकेत, भोपाल**

फील्ड जॉब करने वाले लोगों को गर्मियों में खास सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इस दौरान शरीर से पसीना खूब निकलता है और शरीर में पानी की कमी होने की आशंका रहती है। इसलिए पानी लगातार पीते रहें। जब घर से निकलें तो पानी पीकर निकलें। अपने साथ पानी की बोतल रखें और हर आधे घंटे बाद थोड़ा पानी पीते रहें। संभव हो तो शिकंजी का सेवन भी करते रहें, इस तरह शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाएगी।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी आंखों के आस-पास डार्क सर्कल्स हो गए हैं। ये लगातार गहरे होते जा रहे हैं। कृपया इस समस्या से निजात पाने का तरीका बताएं?**

**-राजेश, जगदलपुर**

जैसा कि आप बता रहे हैं, आंखों के नीचे डार्क सर्कल गहरे होते जा रहे हैं। इसलिए आपको तुरंत शरीर में खून की जांच यानी एचबी टेस्ट करवाना चाहिए, क्योंकि शरीर में खून की कमी से यह समस्या सबसे पहले देखी जाती है। इसके साथ ही आपको किसी फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए, जो बीमारी का कारण पता लगाकर उसका उपचार शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। गर्मियां आते ही मेरे चेहरे पर लाल-लाल दाने निकल आते हैं। साथ ही पूरे शरीर पर रैशेज भी होने लगते हैं। प्लीज इस समस्या से बचने का कोई तरीका बताएं?**

**-मेहुल, दिल्ली**

आपकी समस्या पढ़कर लग रहा है कि आपको धूप से एलर्जी है और घर से बाहर यानी धूप में निकलने पर आपको दाने पड़ जाते हैं। इसलिए कोशिश करें कि धूप में घर से बाहर कम से कम निकलें। अगर निकलना जरूरी है तो चेहरा और शरीर पूरी तरह ढंक कर निकलें। इसके साथ ही किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर कोई क्रीम का नाम लिखवा लें, इसे धूप में निकलने से पहले जरूर लगाएं, इस तरह आपको अपनी समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। पिछले कुछ समय से घर से बाहर निकलने पर मुझे लगातार खांसी और छींकें आने लगती हैं। क्या ये एलर्जी के लक्षण हैं? इस समस्या से बचने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-लोकेश, रोहतक**

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जा रही है। ऐसे लोगों को घर से बाहर निकलते ही छींक आना और खांसी आनी शुरू हो जाती है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी में नमक डालकर गरारा जरूर करें।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा हुआ सा लगता है, जबकि मेरी डाइट नॉर्मल है। मोशन भी क्लीयर होता है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-अवधेश, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित लग रही है, क्योंकि जब पेट भरा हुआ लगता है, तो इसका मतलब यह है कि खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही या छाछ जरूर लेना चाहिए। इसके अलावा नियमित रूप से एक फल खाएं। रात में डिनर करने के बाद तुरंत सोएं नहीं। सोने और डिनर के बीच में कम से कम 3 घंटे का अंतराल होना चाहिए और सुबह सैर जरूर करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर लाल दाने हो जाते हैं, इस वजह से खाना बहुत तीखा लगता है। कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-आकाश, हिसार**

जीभ में या मुंह में दाने पड़ना पाचन क्रिया से जुड़ा होता है। आपको खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है, इसलिए आपको अधिक तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना नहीं खाना चाहिए। साथ ही खाने में सलाद, दही, छाछ जरूर लेना चाहिए। रात में हल्का खाना जैसे-दलिया या खिचड़ी खाएं। इस तरह आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुतिःरिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर कॉन्शस अधिकांश लोग वॉकिंग जरूर करते हैं। लेकिन वॉकिंग को अगर सही तरीके से और अलग-अलग रूपों में किया जाए तो इससे कई तरह के फायदे मिलते हैं। विभिन्न स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय के आधार पर हम यहां आपको बता रहे हैं, डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और इसके फायदों के बारे में।

## तन-मन की फिटनेस मेंटेन रखे वॉकिंग

हेल्थ एडवाइस
शिखर चंद जैन

लगभग सभी डॉक्टर्स, शरीर को फिट रखने के लिए नियमित रूप से वॉक करने का सुझाव देते हैं। बहुत सारे हेल्थ कॉन्शस लोग खुद के लिए रोजाना 10,000 स्टेप्स का लक्ष्य रखते हैं। ऐसी धारणा भी है कि दिन में व्यक्ति को कम से कम 2200 स्टेप तो जरूर चलना ही चाहिए।

### क्या कहती हैं स्टडीज

हाल ही में प्रकाशित ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन की रिपोर्ट कहती है कि दिन के 2200 स्टेप्स चलना, हार्ट से जुड़ी बीमारियों और डायबिटीज का जोखिम कम कर सकता है। साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि डेली 9000 स्टेप्स ज्यादा कारगर साबित होते हैं। लेकिन सिर्फ ज्यादा स्टेप काउंट वाली वॉकिंग से ही लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम नहीं होता है। इसलिए वॉकिंग के विभिन्न प्रकार और फायदों के बारे में जानना जरूरी है।

### हार्ट की होती है एक्सरसाइज

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कीथ बार का कहना है कि वॉकिंग की शुरुआत में कदम गिनना अकसर मददगार होता है लेकिन जब एक बार आपकी आदत 6000 से 8000 कदमों तक पहुंच जाए तो चलने की गति पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

कीथ बार के अनुसार, चलने से मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे पैरों से ब्लड हार्ट तक पहुंचता है। इससे हार्ट पर जोर पड़ता है। यानी वॉकिंग करने से समय के साथ आपका हृदय मजबूत और एक्टिव बनता है। तेज चलने का उद्देश्य केवल अधिक कैलोरी घटाना ही नहीं बल्कि हार्ट को मजबूत करना भी होता है। यही नहीं घर से बाहर जब आप प्रकृति के करीब वॉक करते हैं तो आपका तनाव भी घटता है।

### करें डिफरेंट टाइप वॉकिंग

वॉकिंग करने का सबसे अच्छा फायदा यह है कि इसके साथ कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। आइए अलग-अलग एक्सपर्ट्स से जानते हैं डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और उनसे मिलने वाले फायदे के बारे में।


**इम्यूनिटी बढ़ाए टच वॉक :** जब हम पेड़-पौधों को रोज टच करते हुए वॉक करते हैं तो न सिर्फ हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत होता है बल्कि हमें



मानसिक शांति भी मिलती है। अमेरिकी वैज्ञानिक और थेरेपी एक्सपर्ट व्हिटनी कुल्टर इसकी वजह बताते हैं। उनके अनुसार, 'वॉक करते समय पेड़-पौधों को टच करना इसलिए फायदेमंद होता है क्योंकि उन पर मौजूद धूल में पाए जाने वाले बैक्टीरिया हमारे शरीर में इन्फ्लेमेशन को घटाते हैं और तनाव कम करते हैं।'



**लेग्स एक्सरसाइज के लिए हिल वॉकः** चढ़ाई वाले रास्तों पर चलना भी बहुत फायदेमंद होता है। शुरू-शुरू में सामान्य गति से ही हिल वॉक करें लेकिन धीरे-धीरे अपनी स्पीड बढ़ाने का प्रयास करें। जब आपकी गति बढ़ जाए तो इसके बाद आप हिल यानी वास्तविक चढ़ाई वाले रास्तों पर पैदल चलना शुरू करें। पहाड़ों पर चढ़ाई करना अपनी फिटनेस को मेंटेन करने का एक अच्छा तरीका है। सपाट रास्ते पर 12 या 15 हजार स्टेप चलने से बेहतर है कि आप चढ़ाई वाले रास्तों पर चलें। ब्रिटिश माउंटेनियरिंग काउंसिल के अनुसार, इस दौरान शरीर क्या महसूस कर रहा है और कौन-सी मांसपेशी पर ज्यादा जोर पड़ रहा है, उसे महसूस करें। कुछ मिनट के लिए ढलान पर उतरें और फिर चढ़ें। इससे पीठ, कमर, पैर, अंगुलियों, कंधों और पिंडलियों तक की बहुत अच्छी एक्सरसाइज होती है।



**मूड बेहतर करे सेंट वॉकः** 'जॉब फ्रॉम फियर' की लेखिका और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट कार्लो मेरी मैनली कहती हैं, 'जब हम अपना ध्यान किसी स्पेसिफिक सेंसर जैसे कि वातावरण में उपस्थित महक पर लगाते हैं तो हम स्वाभाविक रूप से वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सेंट वॉक का अनुभव हमें दिमागी भाग-दौड़ से दूर करता है, इससे तनाव घटता है और मूड बेहतर बनता है।'


**मेडिटेशन में हेल्पफुल स्पिरिट वॉकः** चलते हुए ध्यान लगाने में स्पिरिट वॉक मददगार होता है। आस-पास सैकड़ों लोगों के मौजूद होने के बावजूद खुद अपने भीतर प्रकृति से बात करना पूजा करने जैसा महसूस होता है। स्पिरिट वॉक करने के लिए चलते समय सांसों और कदमों पर ध्यान लगाएं। इससे कुछ देर बाद आप माइंडफुलनेस की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इसके बाद आप प्रार्थना कर सकते हैं या फिर जो भी आपके पास उपलब्ध हो, उसके लिए ईश्वर के प्रति आभार जता सकते हैं। इससे आपको सुकून मिलेगा।

**हार्ट रेट इंप्रूव करे रकिंग वॉकः** नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन की डॉक्टर सादिया खान सलाह देती हैं कि चलने की तीव्रता को और अधिक बढ़ाने के लिए बैकपैक में अपनी क्षमता के अनुसार कुछ वजन लेकर चलना शुरू करें। इसे रकिंग कहते हैं। यानी कुछ भारी समान अपनी पीठ पर लेकर चलने की आदत डालें। इससे वॉकिंग के दौरान आपका हार्ट रेट बढ़ेगा, जो हार्ट की क्षमता को बेहतर करता है। हालांकि रकिंग शुरू करने से पहले एक्सपीरियंस्ड ट्रेनर से इसकी ट्रेनिंग जरूर लेनी चाहिए।

अनेक स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय से साबित होता है कि आप डिफरेंट टाइप की वॉकिंग से ही अपनी फिटनेस को काफी हद तक मेंटेन रख सकते हैं। *



### ब्रेन बनता है फिट-कूल



**तेज गति** से वॉक करने की प्रक्रिया पूरे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन के फ्लो को बढ़ाती है। 'वॉक योर वे कॉम' पुस्तक की लेखिका जेनिफर वाल्स कहती हैं, जैसे ही आप चलना शुरू करते हैं, मस्तिष्क में ब्लड फ्लो बढ़ना शुरू हो जाता है। यह न केवल दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है बल्कि नियमित वॉक से फील गुड हार्मोन एंडोर्फिन भी रिलीज होता है, जो डिप्रेशन और एंग्जायटी को कम करने में मददगार होता है। इस तरह ब्रेन फिट और कूल रहता है।

---

डाइट सजेशन
डॉ. सुधा मौर्य

हेल्दी रहने के लिए ऐसी डाइट लेनी चाहिए जिसमें सभी न्यूट्रिएंट्स हों। लेकिन दुनिया भर के कई हेल्थ एक्सपर्ट्स हेल्दी-एनर्जेटिक रहने के लिए वीगन डाइट फॉलो करने की सलाह देते हैं। इस बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगे।


## रहें हेल्दी-एनर्जेटिक फॉलो करें वीगन डाइट

बीते कुछ वर्षों से पूरी दुनिया में वीगन और वेजीटेरियन डाइट का ट्रेंड बढ़ रहा है। वीगन डाइट पूरी तरह से प्लांट बेस्ड होता है। पौधों से प्राप्त होने वाली सब्जियों, अनाज, नट और फल को वीगन डाइट कहते हैं। इसमें डेयरी उत्पादों और अंडों सहित जानवरों से मिलने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करते हैं। वेजीटेरियन डाइट में डेयरी प्रोडक्ट और दूध का सेवन कर सकते हैं लेकिन वीगन डाइट में जानवरों से प्राप्त किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं किया जाता है। इसमें मटन, चिकन, मछली, अंडे, पनीर, मक्खन, दूध, क्रीम, दही, छाछ, मेयोनेज, शहद का सेवन नहीं किया जाता है।

### कई रोगों से बचाने में कारगर



कई अध्ययनों से पता चलता है कि वीगन डाइट का सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करना आसान होता है क्योंकि इसमें कॉम्पलेक्स कार्बोहाइड्रेट की ज्यादा मात्रा होती है, जिससे हाई बीपी नियंत्रण में रहता है। नॉनवेज डाइट में सैचुरेटेड फैट होता है, जो अधिक मात्रा में खाने पर हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। वीगन डाइट बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को 25% तक कम कर सकता है। साथ ही वीगन डाइट टाइप 2 डायबिटीज होने के रिस्क को 34% तक कम कर सकता है और मोटापे का रिस्क भी कम करता है। इसकी वजह यह है कि इसमें खाए गए खाद्य पदार्थ धीरे-धीरे पचते हैं, जिससे भूख कम लगती है। इस तरह यह वजन कम करने का स्वस्थ और प्रभावी तरीका है क्योंकि इसमें शरीर को कैलोरी मिलती है लेकिन फैट जमा नहीं होता है। यह कैंसर के रिस्क को भी कम करता है क्योंकि इसमें एंटी कैंसरस न्यूट्रिएंट्स विटामिन, फाइबर, फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं। यह दिमाग को भी फायदा पहुंचाता है और अल्जाइमर के डेवलपमेंट को धीमा कर देता है। अध्ययन में यह पाया गया है कि प्रतिदिन 100 ग्राम फल और सब्जियां खाने से कॉगनेटिव लॉस और डिमेंशिया का जोखिम 13% तक कम हो जाता है। यह स्ट्रोक के खतरे को भी कम करता है। इसके अलावा डिप्रेशन और एंग्जाइटी की समस्या भी इस डाइट को खाने से दूर होती हैं। इसमें प्रोटीन और आयरन भरपूर मात्रा में होता है, जिससे ऊर्जा का स्तर बढ़ता है, थकावट महसूस नहीं होती और शरीर मजबूत बनता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, कई विटामिंस और मिनरल्स की अत्यधिक मात्रा होने से शरीर डिटॉक्स होता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं। वीगन डाइट की एक खासियत यह भी है कि इसमें फाइबर ज्यादा होता है और मेटाबॉलिज्म के बाद इसमें वेस्ट प्रोडक्ट कम बचता है, इससे शरीर में फैट जमा नहीं होता है। इससे इंसान पूरी तरह स्वस्थ रहता है और लंबी जिंदगी जीता है।



### इसका भी रखें ध्यान

वीगन डाइट लेने के अनेक फायदे होने के साथ-साथ कभी इसकी वजह से एनीमिया, हार्मोन के असंतुलन, विटामिन-बी 12 की कमी और ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी से अवसाद होने की आशंका रहती है। इसलिए अपने भोजन में प्रोटीन, विटामिन-बी 12, विटामिन-डी, आयोडीन, जिंक और ओमेगा 3 जरूर शामिल करना चाहिए। इससे कभी-कभी ईटिंग डिसऑर्डर की समस्या अर्थोरेक्सिया भी हो जाती है, जिसमें लोगों को ज्यादा खाने की चाह उठती है और वे बहुत खाने लगते है। इसलिए वीगन डाइट अपनाने से पहले डॉक्टर और डाइटीशियन से कंसल्ट कर लेना चाहिए। *

---

फिटनेस फंडा/ जान खान

## मैं कितना भी बिजी रहूं एक्सरसाइज जरूर करता हूं



एक्टर जान खान इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में नंदिनी के पति नरेन रतनशी के रोल में दिख रहे हैं। **हरिभूमि** को वे अपना फिटनेस मंत्र बता रहे हैं, अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान :** जहां तक मेरे रूटीन डाइट प्लान की बात है तो मैं रोज सुबह म्यूसली के साथ बादाम-दूध और ड्राई फ्रूट्स जरूर लेता हूं। इसके अलावा मैं रोज सुबह च्यवनप्राश भी खाता हूं। यह हैबिट बचपन से ही है। मैं अपनी डाइट को लेकर पूरी तरह कॉन्शस रहता हूं। इसीलिए मैं जंक फूड्स को अवॉयड ही करता हूं।

**वर्क-आउट शेड्यूल :** मैं अपने वर्क-आउट शेड्यूल को लेकर स्ट्रिक्ट रहता हूं। चाहे कितना भी बिजी क्यों न रहूं, एक्सरसाइज के लिए वक्त निकाल ही लेता हूं। शूटिंग की शिफ्ट अगर सुबह नौ बजे की होती है, तो मैं सुबह सात से साढ़े आठ बजे तक वर्क-आउट करता हूं। अगर सुबह सात बजे की शिफ्ट हो, तो मैं शाम या रात में वर्क-आउट करता हूं। मैं फिट, हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए एक्सरसाइज करता हूं। मुझे कोई बॉडी बिल्डर भी नहीं बनना है, इसलिए वेट लिफ्टिंग या हार्डकोर एक्सरसाइज के बजाय मैं कार्डियो, पुशअप्स, चिनअप्स और बॉडी वेट एक्सरसाइज अधिक करता हूं। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**








## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1191 चौके

686 छक्के

### खबर संक्षेप



#### चाओबा देवी राष्ट्रीय कोच बनने को तैयार

**नई दिल्ली।** आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकाक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

#### आस्ट्रेलिया के लिए खेलने को बेताब हैं स्टोइनिस

**चेन्नई।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया का 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बावजूद आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बने शतक का इस्तेमाल अपने सफेद गेंद के करियर को आगामी टी20 विश्व कप से आगे बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। स्टोइनिस को आस्ट्रेलिया की 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी खेली।



#### दोहा में हुई श्रीशंकर की घुटने की सर्जरी

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर की चोटिल घुटने की दोहा में सर्जरी हुई। वह इस चोट कारण जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। पच्चीस साल की खिलाड़ी की दोहा में सर्जरी हुई। श्रीशंकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'दोहा के एस्पेटर अस्पताल में डॉ. ब्रूनो ओलोरी के नेतृत्व में सर्जरी सफल रही। आपके प्यार और आशीर्वाद के लिए आप सभी को धन्यवाद। मैं सर्जरी के 18 घंटे बाद ही चलने में सक्षम हूं।' डॉ. ओलोरी फ्रांस के आर्थोपेडिक सर्जन हैं।



#### आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन नहीं रहे

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। टेनिस आस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की। पर्थ में जन्में टोबिन आईटीएफ के पहले पूर्ण कालिक अध्यक्ष बने थे, जब उन्हें 1991 से 1999 तक दो कार्यकाल के लिए चुना गया था।



# तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक से एक कदम दूर

एजेंसी ▸▸| शंघाई

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी।



### 235-233 अंक से कोरिया को हराया

*भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, 'आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है। हमने अच्छी तैयारी की थी और इस बात की खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।'*



### महिला टीम के सामने इटली की चुनौती

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

### तीसरे स्थान पर रहे बोम्मदेवरा

बोम्मदेवरा ने क्वालीफिकेशन में 693 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने तरूणदीप राय द्वारा बनाए गए 689 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। शुरुआती दौर में उनका मुकाबला चेक गणराज्य के एडम ली से होगा। तरुणदीप 684 के स्कोर के साथ सातवें स्थान के साथ दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। प्रवीण जाधव 672 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहे।

### अंकिता ने किया 664 स्कोर

महिला वर्ग में अंकिता भक्त ने 664 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर क्वालीफाई किया, उसके बाद कौर भजन और पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी रहीं, जिन्होंने क्रमश: 657 और 656 का स्कोर हासिल किया। कोमलिका बारी 636 अंक के बाद क्वालिफिकेशन तालिका में 57वें स्थान पर रहीं। भारतीय टीम 1977 अंक के साथ कुल मिलाकर छठे स्थान पर है। रिकर्व के एकल वर्ग में शीर्ष 64 तीरंदाज मुख्य प्रतियोगिता में जगह बनाते हैं।

## आईपीएल : चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी

# पंत और अक्षर का तूफान, दिल्ली की चौथी जीत, चार रन से हारी गुजरात

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। टीम ने मौजूदा सीजन में चौथा मैच जीता है। इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (नाबाद 88 रन) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर पटेल (66 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 26) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही।



### बेंगलोर और हैदराबाद के बीच होगा मुकाबला

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है।



### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी का नूर बो वारियर | 11 | 07 | 2 | 0 |
| मैकगर्क का नूर बो वारियर | 23 | 14 | 2 | 2 |
| अक्षर का साई सुदर्शन बो नूर | 66 | 43 | 5 | 4 |
| होप का राशिद बो वारियर | 05 | 06 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 | 43 | 5 | 8 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 | 07 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 224/4

गेंदबाजी : उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का अक्षर बो कुलदीप | 39 | 25 | 5 | 1 |
| गिल का अक्षर बो नोर्किया | 06 | 05 | 1 | 0 |
| सुदर्शन का अक्षर बो रसिक | 65 | 39 | 7 | 2 |
| उमरजई का मैकगर्क बो अक्षर | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मिलर का रसिक बो मुकेश | 55 | 23 | 6 | 3 |
| शाहरुख का पंत बो रसिक | 08 | 05 | 0 | 0 |
| तेवतिया का पंत बो कुलदीप | 04 | 11 | 3 | 1 |
| राशिद खान नाबाद | 21 | 06 | 0 | 2 |
| साई किशोर बो रसिक | 13 | 06 | 0 | 2 |
| मोहित शर्मा नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 220/8

गेंदबाजी : खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2.

खास खबर


## नरसिंह बने डब्लूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष



**वाराणसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना। 2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गए थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गई कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे।

## भारत की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैम्पियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। मुक्केबाजों का चयन ट्रायल्स में हुए शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव हेमंत कलिता ने कहा, 'पूरे देश से कड़े प्रतिस्पर्धी ट्रायल्स के जरिए मुक्केबाजों का चयन किया गया है।



# सिफ्ट, नीरज ने जीता राइफल थ्रीपी का ओलंपिक चयन ट्रायल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज सिफ्ट कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन ओलंपिक चयन के पहले ट्रायल (ओएसटी टी1) शीर्ष पर रही जबकि पुरुष वर्ग में नीरज कुमार पहले और दूसरे दोनों ट्रायल में सबसे आगे रहे। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत को आशी चौकसे से कड़ी टक्कर मिली लेकिन 'प्रोन पोजिशन' में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 3.7 अंक के अच्छे अंतर से जीत दर्ज की।

सिफ्ट ने 466.3 का स्कोर किया जबकि आशी के नाम 462.6 अंक रहे। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 के स्कोर के तीसरे जबकि निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी में, नीरज कुमार ने 462.2 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। पेरिस कोटा धारक और क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे स्वप्निल कुसाले (460.9) दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि ऐश्वर्य तोमर (450.5) तीसरे स्थान पर रहे। चैन सिंह (439.8) और अखिल श्योराण (429.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। इसके साथ ही पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन मुकाबले हुए।



## आडवाणी क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर में लेंगे भाग



**बेंगलुरु।** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय महिला खिताबधारी विद्या पिल्लई सहित कई स्टार खिलाड़ी चार से 10 मई तक यहां होने वाली शुरुआती क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे। 27 बार के विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन आडवाणी और विद्या के अलावा अन्य शीर्ष क्यू खिलाड़ी जैसे सौरव कोठारी, आदित्य मेहता और अराध्या नायक यहां होने वाले टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। हालांकि सीएसपीएल केवल स्नूकर प्रारूप में ही कराया जाएगा और देश से 56 खिलाड़ियों को आठ आठ टीम में विभाजित किया जाएगा।

## तेंदुलकर ने मनाया 51वां जन्मदिन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में नई ऊर्जा भरने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को अपना 51वां जन्मदिन मनाया। सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चला है, लेकिन अभी भी जब कभी उनकी झलक दिख जाती है तो पूरा स्टेडियम 'सचिन... सचिन'... के शोर से गूंज उठता है। भारत सहित दुनियाभर में उनके करोड़ों फैंस अपने चहेते क्रिकेटर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## शुभंकर और गगनजीत के भी जगह बनाने की संभावना

# गोल्फर अदिति, दीक्षा पेरिस ओलंपिक में खेलने को तैयार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है।

दीक्षा दूसरी बार हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो विश्व गोल्फ रैंकिंग के जरिए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है।





### शीर्ष 15 स्वतः होंगे क्वालीफाई

ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 में आठ अमेरिकी गोल्फर शामिल हैं। महिला वर्ग में अदिति ने अब तक 2024 में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद शीर्ष 50 में बनी हुई हैं।

### शर्मा शीर्ष 200 में शामिल

दीक्षा ने महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 138वां स्थान हासिल कर लिया है जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अगली दो भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स हैं जो 403 और अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत 531 रैंकिंग पर काबिज हैं। भारतीय पुरुषों में शर्मा शीर्ष 200 में शामिल एकमात्र भारतीय गोल्फर हैं जो सिंगापुर क्लासिक में संयुक्त सातवें स्थान पर और दुबई डेजर्ट क्लासिक में संयुक्त 16वें स्थान पर रहे। भुल्लर का 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एशियाई टूर पर 43वां स्थान रहा लेकिन उन्होंने इंडियन टूर पर चंडीगढ़ ओपन में भी जीत हासिल की।


## एशियन ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय भारतीय दल देगा चुनौती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। प्रगन्या ने अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था।



**पुरुष** : तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।




### गुरु कप इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला राउंड समाप्त

# एपीएस ने सेंट रॉफेल स्कूल को 3-0 से डीपीएस ने आईईएस को 4-0 से हराया

**ये रहे मैच के हीरो**

आयुष वर्मा -एपीएस
शौर्य सिंह-डीपीएस कोलार
विजय-सेंट थॉमस
आम्बियान अली-बिल्लाबांग हाई
नाजतिक-लॉरेंस न्यू
रुद्र-ओरिएंटल स्कूल















हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु कप इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग के दोनों फुटबॉल मैदान पर बुधवार को कुल 6 मैच खेले गए।

इनमें जी-1 श्रेणी का पहला मुकाबला एपीएस और सेंट रॉफेल के बीच हुआ जो एपीएस ने 3-0 से जीत लिया। वहीं इसी श्रेणी का दूसरा मैच सेंट थॉमस और शारदा विद्या मंदिर की टीम के बीच हुआ, जिसे सेंट थॉमस ने 4-0 से जीत लिया। इसके बाद तीसरा मैच बिल्लाबांग और एलएनसीटी स्कूल के बीच खेला गया, जिसे बिल्लाबांग के खिलाड़ियों ने दम दिखाते हुए मुकाबला 2-0 से जीता। वहीं ओरिएंटल और आईकोनिक स्कूल के बीच हुए जी-2 के पहले मुकाबले में ओरएंटल ने यह मुकाबला 2-0 से जीत लिया। इसके बाद इसी श्रेणी का दूसरा मैच डीपीएस कोलार और आईईएस के बीच हुआ जिसे डीपीएस के खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आईईएस की टीम को कोई गोल नहीं करने दिया। नतीजे में डीपीएस के टीम ने यह मुकाबला 4-0 से जीत लिया। तीसरा मैच लॉरेंस न्यू और मॉर्डन कान्वेंट के बीच खेला गया, जिसे लॉरेल्स न्यू ने 5-0 के बड़े अंतर से जीत लिया।

# मध्यप्रदेश हैंडबॉल टीम ने मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हैंडबल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान मे मुंबई में आयोजित 17वीं मिनी नेशनल हैंडबल चैंपियनशिप में मप्र मध्यप्रदेश ने मणिपुर को 27 -16 के अंतर से हराकर राष्ट्रीय विजेता होने का सम्मान हासिल किया।

मध्यप्रदेश ने अपने मुकाबले में हिमाचल प्रदेश, मुंबई हैंडबाल अकादमी, केरल, राजस्थान, मणिपुर को हराकर फाइनल तक का सफ़र तय किया था। मध्यप्रदेश के टीम के खिलाड़ी हरमन ढिल्लन, अमन ढांगी, अभय, तेजस यादव, जपमीत सिंह, प्रद्युम्न सिंह के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्यप्रदेश राष्ट्रीय हैंडबॉल विजेता बना। टीम के कोच किशन बाटु व मैनेजर वसीम खान थे। इस अवसर पर मप्र हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जैन टीनु महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल, हरीश डागुर, कुलवंत सिंह, सुजीता मंडलोई, संजय अटवाल ने टीम को शुभकामनाएं दी हैं।




### 11वीं इंटर कॉलेज आईसीपीएल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

# फाइनल में पहुंचीं जागरण लेक सिटी और बीएसएसएस कॉलेज की टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**सेमीफाइनल में यूआईटी और एलएनसीटी को हराया**

11वीं रेड बुल कप इंटर कॉलेज आईसीपीएल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला जागरण लेक सिटी एवं यूआईटी आरजीपीवी के बीच खेला गया, जिसमें जागरण लेक सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। प्रियांशु प्राण ने 43 गेंद में 79 रन देव पाटीदार ने 36 गेंद में 41 रन राहुल दुखड़े ने 20 गेंद में 36 रनों का योगदान दिया। यूआईटी आरजीपीवी की ओर से गेंदबाजी करते हुए भरत असननी ने चार ओवर में 30 रन देकर 5 विकेट, सिद्धार्थ सिंह ने चार ओवर में 42 रन देकर एक विकेट, फैजान ने दो ओवर में 24 रन देख एक विकेट लिया। जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी यूआईटी आरजी की टीम 19.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बना सकी, जिसमें भरत असनानी सर्वाधिक 29 गेंद में 38 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा मुकुल सिंह ने 14 गेंद में 20 एवं प्रांशु ने 21 गेंद में 17 रन बनाए। जागरण लेक सिटी की ओर से साहिल सिंह ने चारों ओवर में 30 रन लेकर 3 विकेट, राहुल दुकानदे ने 4.1 ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट एवं अक्षत शुक्ला ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए।

**98 रन से जीता बीएसएसएस कॉलेज**

दिन का दूसरा मुकाबला बीएसएस एस कॉलेज एवं एलएनसीटी के बीच खेला गया, जिसमें बीएसएस कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। बीएसएसएस के यशराज ने 37 गेंद में 61, अदयम्य पचौरी ने 29 गेंद में 25 रन एवं रोमिर ने 16 गेंद में 38 रनों का योगदान दिया। एलएनसिटी की ओर से पंकज रॉय ने तीन ओवर में 26 रन देकर तीन, उज्जवल कुमार ने चार ओवर में 22 रन देकर एक विकेट जबकि जितेंद्र ने चार ओवर में 46 रन लेकर एक सफलता अर्जित की। जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी एलएनसीटी की टीम 15.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 97 रन ही बना सकी, जिसमें विनायक चौकसे ने 21 गेंद में सर्वाधिक 29 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा जितेंद्र सिंह ने 11 गेंद में 14 रन बनाए। वहींकोई भी बल्लेबाज दहाई के अंकों तक नहीं पहुंच सका। बीएसएसएस कॉलेज की ओर से रोहन थोराट ने 3.3 ओवर में 15 रन लेकर 5, जबकि हर्ष सेन ने तीन ओवर में 39 रन देकर तीन विकेट लिए। इस प्रकार बीएसएएस कॉलेज में यह मुकाबला 98 रनों से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच बीएस कॉलेज के रोहन थोराट रहे







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930